तापमान
अधिकतम 35.1 डिग्री
न्यूनतम 19.7 डिग्री

हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 4 फरवरी 2025



आलू की कीमत सालभर पहले वाली

आलू ने बीते साल बहुत भाव खाने का काम किया है। इसका कारण यह है कि बंगाल से यहां पर आलू की आवक बंद हो गई थी। बीते साल दो बार वहां की सरकार ने इसको बाहर के राज्यों में भेजने पर प्रतिबंध लगा था, ऐसे में पहली बार आलू की कीमत थोक में 35 से 40 रुपए और चिल्हर में 50 रुपए तक चली गई थी। दिसंबर से आलू की नई फसल आने के बाद कीमत कम होते-होते अब कीमत थोक में 10 से 12 रुपए और चिल्हर में 20 रुपए हो गई है। वैसे 20 रुपए कीमत शास्त्री बाजार और थोक का काम करने वाली दुकानों पर ही है। बाकी सब्जी बाजार और किराना दुकानों पर इसकी कीमत 25 रुपए तक है। प्याज की कीमत थोक में 25 रुपए और चिल्हर में 35 रुपए है।

लहसुन दो साल बाद 200 रुपए से कम, आलू भी 20 रुपए पर लौटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

दो साल से लहसुन की कीमत आसमान पर रही है। बीते साल दिसंबर में कीमत 400 रुपए किलो थी, लेकिन अब नई फसल आने से दो साल बाद लहसुन की कीमत दो सौ रुपए से कम हो गई है। इस समय थोक में जहां कीमत 100 से 110 रुपए है, वहीं चिल्हर में 150 से 160 रुपए किलो है। आलू की कीमत भी करीब सालभर बाद वापस चिल्हर में 20 रुपए किलो हो गई है। प्याज भी इस समय सस्ता है।

महंगाई से आम आदमी परेशान है। लगातार महंगाई बढ़ रही है, ऐसे में अगर किसी सामान की कीमत कम होती है तो आम आदमी को राहत महसूस होती है। हालांकि आमतौर पर महंगे सामान की ▶▶| शेष पेज 13 पर

बीते साल ही कीमत 400 से 500 रुपए किलो रही है चिल्हर में, अब 150 से 160 रुपए किलो

लहसुन में अब राहत का तड़का

लहसुन की कीमत बीते दो साल तक 400 रुपए से लेकर 500 रुपए किलो रही है। बीते साल भी कीमत चिल्हर में 500 रुपए तक गई थी। थोक में इसकी कीमत चार सौ रुपए तक रही है। बीते साल दिसंबर से कीमत कम होने लगी थी, लेकिन चिल्हर में इसकी कीमत कम नहीं हो रही थी। लेकिन अब नए साल में चिल्हर में भी कीमत बहुत कम हो गई है, क्योंकि लहसुन की नई फसल आने के बाद इसकी आवाक भी ज्यादा हो रही है। इस समय थोक बाजार में नई लहसुन अच्छी क्वालिटी की बड़ी साइज वाली की कीमत 100 से 110 रुपए किलो है। छोटी साइज की लहसुन की कीमत थोक में 70 से 80 रुपए किलो है। जहां तक चिल्हर का सवाल है तो यह चिल्हर में किलो लेने पर शास्त्री बाजार और बड़े किराना दुकानों में 150 रुपए किलो में मिल रही है। लेकिन अन्य सब्जी बाजारों के साथ ठेके में आलू-प्याज बेचने वालों के पास 40 रुपए पाव के हिसाब से बिक रही है।

खबर संक्षेप

संदिग्ध युवक से डेढ़ लाख का चोरी का माल बरामद

रायपुर। मौदहापारा पुलिस ने संदिग्ध रूप से घूम रहे एक युवक के कब्जे से डेढ़ लाख रुपए के चोरी का माल बरामद किया है। पुलिस ने कोरबा, बाकीमोंगरा निवासी ओमप्रकाश मानिकपुरी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार ओमप्रकाश कुसमुंडा में सोने-चांदी के जेवर चोरी करने के बाद खपाने के लिए रायपुर आया था। मौदहापारा पुलिस ने ओमप्रकाश को संदिग्ध हालत में देख रोकने की कोशिश की तो वह भागने लगा। इस दौरान पुलिस ने ओमप्रकाश को घेराबंदी कर पकड़ा और उसके बैग की तलाशी ली तो उसमें सोने-चांदी के जेवर मिले। पूछताछ में ओम प्रकाश ने पुलिस को बताया कि उसने उक्त जेवर चोरी किए हैं।

कवासी की अग्रिम जमानत पर आज सुनवाई

रायपुर। दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की शराब घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की अग्रिम जमानत मामले में आज कोर्ट में सुनवाई होगी। शराब घोटाला मामले में ईडी के केस में कवासी लखमा फिलहाल जेल में बंद हैं। शराब घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू तथा एसीबी की टीम भी उन्हें गिरफ्तार कर सकती है। इसी आशंका के चलते श्री लखमा ने विशेष न्यायालय में अग्रिम जमानत की अर्जी लगाई है।

महादेव सट्टा एप मामले में कोर्ट में पेश होगा चालान

रायपुर। महादेव सट्टा से अर्जित ब्लैक मनी को शेयर बाजार में लगाने वाले शेयर ब्रोकर गोविंद केडिया, संदीप फोगला का आज ईडी की स्पेशल कोर्ट में चालान पेश होगा। उक्त दोनों आरोपियों को ईडी ने कोलकाता से गिरफ्तार किया था। साथ ही पूछताछ के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। बताया जाता है कि दोनों महादेव सट्टा की ब्लैक मनी को व्हाइट करने का काम करते थे। इसके एवज में मिलने वाले लाभांश की रकम को स्वयं रखने के साथ ही कमीशन भी लेते थे।

ट्रैफिक पुलिस ने ली ऑटो पार्ट्स विक्रेताओं की बैठक

रायपुर। कालीबाड़ी स्थित ट्रैफिक थाने में ट्रैफिक पुलिस ने ऑटो पार्ट्स विक्रेताओं की बैठक ली। बैठक में आटो पार्ट्स विक्रेताओं को हिदायत दी गई है कि वे अपने दुकान में पटाखे की तरह आवाज निकलने वाले सायलेंसर की बिक्री न करें। जिस दुकान में पटाखे की आवाज निकलने वाले सायलेंसर मिलेंगे, उस ऑटो पार्ट्स कारोबारी के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट 181 (क) के तहत कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। उक्त धारा के तहत छह माह कैद के साथ जुर्माने का प्रावधान है।

रिश्वत का ताना-बाना : गिरफ्तार अध्यक्ष साहा की टीम ने रायपुर जिले के दर्जनभर संस्थानों का किया था दौरा

रायपुर में भी नैक की जमकर खातिरदारी, किसी कॉलेज ने दिए आईफोन, किसी ने सोने के सिक्के, चिकन पार्टी भी

रुचि वर्मा ▶▶| रायपुर

खास खबर

वर्तमान में झारखंड के रामचन्द्र चन्द्रवंशी विवि के कुलपति समरेन्द्र नाथ साहा महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों को नैक ग्रेडिंग देने के बदले रिश्वत लेने के आरोप में सीबीआई द्वारा धरे गए हैं। वे नैक की निरीक्षण समिति के अध्यक्ष हैं। उनकी मॉनिटरिंग में ही यह निर्धारित किया जाता रहा है कि किसी महाविद्यालय अथवा विश्वविद्यालय में नैक ग्रेडिंग के लिए जाने वाली टीम में कौन-कौन सदस्य शामिल रहेंगे। उनके अध्यक्ष रहने की अवधि में बीते दो वर्षों में रायपुर जिले के लगभग एक दर्जन महाविद्यालयों को नैक ग्रेडिंग प्रदान की गई। इनमें से कई महाविद्यालयों को बेहतर ग्रेड की उम्मीद थी, लेकिन उन्हें निराशा हाथ लगी। वहीं कई महाविद्यालय ऐसे भी थे, जिन्हें वहां की यथास्थिति से कई बेहतर अंक मिले।

नैक ग्रेडिंग में भ्रष्टाचार और रिश्वत का मामला सामने आने के बाद अब महाविद्यालय प्रबंधनों द्वारा पूरी व्यवस्था पर बात की जा रही है। जिले के जिन एक दर्जन से ज्यादा महाविद्यालयों को पिछले दो वर्षों में ग्रेडिंग मिली है, उनमें से कुछ ने यह स्वीकार किया है कि उनके द्वारा नैक टीम को किसी ना किसी रूप में उपकृत किया गया है। इसमें आईफोन, सोने के सिक्के, चिकन-दारू पार्टी से लेकर कई तरह की चीजें शामिल हैं।

केस 1

17 जनवरी 2025 को रायपुर के एक निजी विवि को नैक टीम ने ए प्लस ग्रेड प्रदान किया। यह विवि किराए के भवन में संचालित है। इसका खुद का कैंपस रायपुर के आउटर में है। नैक की टीम ने 2023 में रविवि को बी डबल प्लस ग्रेड दिया था, जबकि विवि दशकों पुराना है और उक्त निजी विवि की तुलना में बेहतर सुविधाएं और एक्सपर्ट फैकल्टी हैं।

केस 2

2024 में दिसंबर माह में बैरनबाजार इलाके के एक ऑटोनॉमस कॉलेज में नैक टीम आई। मनोवांछित सुविधाएं नहीं मिल पाने के कारण यहां के प्राध्यापकों को इंग्लिश नहीं जानने को लेकर नाराजगी जाहिर की गई। जबकि नैक ग्रेडिंग निर्धारण में भाषायी बाध्यता की कोई भूमिका नहीं होती है। बी डबल प्लस की कोशिश में जुटे इस कॉलेज को बी प्लस ही मिल सका।

केस 3

धरसींवा के एक शासकीय महाविद्यालय में 2024 में आई नैक ग्रेडिंग टीम ने बी प्लस ग्रेड प्रदान किया। बजट के अनुसार सभी सदस्यों को तोहफे प्रदान किए गए। ठहरने और खाने-पीने की रिहायशी व्यवस्था भी की गई।

केस 4

आरंग स्थित एक शासकीय महाविद्यालय में 2024 में नैक ग्रेडिंग टीम आई। शासकीय महाविद्यालय होने के कारण वे अतिरिक्त कुछ दे नहीं सके। फिर भी दक्षिण भारत के विश्वविद्यालयों से नैक ग्रेडिंग टीम सदस्यों को डिमांड पर विदेशी शराब और चिकन मुहैया कराई गई। कॉलेज को लगातार दूसरी बार सी ग्रेड मिला।

केस 5

2024 में रायपुर में कालीबाड़ी स्थित एक अन्य महाविद्यालय में नैक ग्रेडिंग टीम आई, जिसने महाविद्यालय को बी ग्रेड प्रदान किया। महाविद्यालय नाममात्र के अंतर से बी प्लस ग्रेड प्राप्त करने से चूका। पब्लिक यूनाइटेड कॉलेज होने के कारण वे नैक टीम को अधिक महंगे उपहार प्रदान नहीं कर सके थे। बजट के अनुसार, छग की पारंपरिक कलाकृति आधारित आर्ट और सूट का कपड़ा प्रदान किया गया था।

केस 6

कचना के एक निजी महाविद्यालय को 2023 में हुई ग्रेडिंग में बी प्लस ग्रेड दिया गया। महाविद्यालय प्रबंधन से जुड़े अंदरुनी सूत्र के अनुसार, नैक टीम को सोने का सिक्का और कैश राशि दी गई।

केस 7

कालीबाड़ी स्थिति एक निजी महाविद्यालय में 2023 में ग्रेडिंग हुई। बजट कम होने के कारण विशेष व्यवस्था नहीं हो सके। कॉलेज प्रबंधन के पहचान के एक केंद्रीय मंत्री को फोन करवाया गया, तब जाकर बी प्लस ग्रेड हासिल हो सका।

- रिश्वत लेने के आरोप में धरे गए हैं नैक अध्यक्ष सहित उनकी टीम के आधा दर्जन सदस्य
- समरेन्द्र साहा के नैक निरीक्षण समिति के अध्यक्ष रहते जिले के एक दर्जन से ज्यादा महाविद्यालयों की हुई ग्रेडिंग

केस 8 समता कॉलोनी स्थित एक निजी महाविद्यालय को 2023 में हुई ग्रेडिंग में बी प्लस मिला। नैक ग्रेडिंग टीम को आईफोन उनकी डिमांड पर प्रदान किए गए थे।

बारातियों जैसा स्वागत

नैक टीम का बारातियों की तरह स्वागत करना पड़ता है। किसी बात पर नाराज ना हो जाएं, इसका खास तौर पर ध्यान रखते हैं। नैक टीम के सदस्य प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से अपनी मांग रखते हैं।
- **डॉ.देवाशीष मुखर्जी,** सचिव, प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन

सभी करते हैं उपकृत

यह कोई नहीं बात नहीं है। सभी नैक टीम को अपने स्तर पर उपकृत करते हैं। रिश्वत का मामला सामने आ गया, तब इस पर बात हो रही है, लेकिन यह व्यवस्था दशकों से है।
- **राजीव गुप्ता,** संयोजक प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन

शासकीय महाविद्यालयों में कम आवभगत

नैक टीम की आवभगत शासकीय महाविद्यालयों की तुलना में निजी महाविद्यालयों में अधिक होती है। शासकीय महाविद्यालय शासन के अधीन होते हैं। ऐसे में कम छात्र संख्या होने अथवा अन्य चीजों का नुकसान महाविद्यालय प्रबंधन को नहीं उठाना पड़ता। वे अपनी क्षमतानुसार बजट में ही तोहफे प्रदान करते हैं। इनके उलट शिक्षा का व्यवसाय करने वाले निजी महाविद्यालयों के आर्थिक प्रबंधन, छात्र प्रवेश संख्या इत्यादि पर प्रत्यक्ष रूप से नैक ग्रेडिंग का असर पड़ता है। ऐसे में अच्छी ग्रेडिंग के लिए वे वांछित राशि प्रदान करते हैं।

चेकपोस्ट में वसूली के लिए ड्राइवर से मारपीट, प्रभारी मुख्यालय अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बार्डर स्थित पाटेकोहरा चेकपोस्ट में दो दिन पूर्व ड्राइवर के साथ मारपीट की घटना को अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर ने गंभीरता से लेते हुए चेकपोस्ट प्रभारी को मुख्यालय अटैच करने का आदेश जारी किया है।

- साथी के साथ मारपीट से आहत ड्राइवरों ने तीन घंटे से ज्यादा समय तक किया चक्का जाम

मारपीट की घटना में आहत ड्राइवर ने चेक पोस्ट प्रभारी तथा वहां तैनात कर्मचारियों के खिलाफ वसूली करने का ▶▶| शेष पेज 13 पर

घटना दो दिन पूर्व छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बार्डर पाटेकोहरा चेकपोस्ट की

मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

ड्राइवर के साथ मारपीट की घटना को ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने गंभीरता से लेते हुए चेकपोस्ट प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए दूसरे दिन मुख्यमंत्री को पत्र लिखा। इसके बाद अपर परिवहन आयुक्त ने चेक पोस्ट प्रभारी को हटाने का आदेश जारी किया।

चुभने लगी दोपहर की धूप सबसे ज्यादा दंतेवाड़ा गर्म दूसरे नंबर पर राजधानी

रायपुर। दोपहर की धूप में अब चुभन का अहसास होने लगा है। वर्तमान में प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्म दंतेवाड़ा है और राजधानी का दूसरा नंबर है। आने वाले दिनों में 35 डिग्री का तापमान और ऊपर की ओर जाएगा। प्रदेश में अभी पूर्वी हवा का आगमन हो रहा जिसके असर से न्यूनतम तापमान में थोड़ी गिरावट आई है।

- पूर्वी हवा से न्यूनतम तापमान में तनिक गिरावट

फरवरी की शुरूआत गर्मी के साथ हुई है और तापमान लगातार ऊपर की ओर खिसकता जा रहा है। सोमवार को रायपुर का पारा 35 डिग्री तक पहुंच गया जिससे दोपहर की धूप में चुभन का अहसास होने लगा है। रात में भी ठंड की वापसी किसी तरह के मौसमी हलचल होने पर ही संभव है अन्यथा न्यूनतम पारा ऊपर खिसकने की वजह से ठंड का अहसास कम होता जाएगा।

पैसेंजर, सुपरफास्ट और प्रीमियम ट्रेनों में मिल रही सुविधा

ट्रेन में यात्रियों को 100 रुपए में मिल रही डॉक्टरी सलाह, टीटीई बुला रहे अनुभवी चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रेन में सफर के दौरान तबीयत बिगड़ने पर यात्रियों को डॉक्टरी सलाह के साथ आवश्यक दवाओं के लिए परेशान होना नहीं पड़ रहा है। टीटीई व रेल मदद के जरिए मात्र 100 रुपए में अनुभवी डॉक्टर ट्रेन में ही यात्री का उपचार करने पहुंच रहे हैं। बिलासपुर से नागपुर के बीच डॉक्टर बुलाने की सुविधा छोटे व बड़े स्टेशनों पर है। मंडल में रायपुर और दुर्ग में इलाज के लिए डॉक्टर को बुलाया जा सकता है। इलाज की सुविधा मेल और एक्सप्रेस ट्रेन में मिल रही है। इसमें 100 रुपए डॉक्टर की फीस और 100 रुपए से भी कम जनरल दवाएं आसानी से ट्रेन में ही मिल रहीं। बता दें कि उपचार के बाद डॉक्टर द्वारा दिए दवाओं के पैसे यात्री को देना होता है। रेलवे की चिकित्सा सुविधा से यात्री को सफर के दौरान ही मदद मिल रही है। रेलवे लंबे समय से डॉक्टरी सहायता मुहैया कराता आ रहा है। साल 2018 तक इसके लिए 20 रुपए फीस लगती थी। साल 2018 में इस फीस को सौ रुपए कर दिया गया।

कॉल के बाद अगले स्टेशन में पहुंच रहे डॉक्टर

ऑन कॉल डॉक्टर बुलाने की सुविधा सभी पैसेंजर, सुपरफास्ट और प्रीमियम ट्रेनों में मिल रही है। इस सुविधा का लाभ उठाने यात्री हेल्पलाइन नंबर 138 पर कॉल कर रहे हैं। इसके अलावा टीटीई या गार्ड को भी जानकारी दे रहे हैं। टीटीई तुरंत कंट्रोल रूम में मैसेज देकर अगले स्टेशन पर डॉक्टर को मदद के लिए बुला रहे हैं। जैसे ही ट्रेन अगले स्टेशन पर पहुंचती है, रेलवे की तरफ से डॉक्टर यात्री की जांच करते हैं। इस दौरान आवश्यक दवा भी दी जाती है। इस सुविधा के तहत यात्री को कुल 100 रुपए का भुगतान करना होता है। इलाज के बाद यात्री से 100 रूपए देना होता है। इसके लिए एक्सेस फेयर टिकट बनाया जाता है।

खबर संक्षेप

भाजपा व कांग्रेस के अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों ने मंच शेयर किया

तिल्दा नेवरा। नगर पालिका तिल्दा नेवरा के भाजपा के अध्यक्ष प्रत्याशी चंद्रकला वर्मा एवं कांग्रेस प्रत्याशी लक्ष्मीनारायण वर्मा आज एक सामाजिक कार्यक्रम में एक साथ अतिथि के रूप में शामिल हुए। सासाहोली में पटेल समाज का कार्यक्रम आयोजित था, जहां दोनों उपस्थित हुए और अपनी अपनी सरकार का गुणगान किए।

भिलाई में हुआ कबीर सत्संग

आरंग। ग्राम भिलाई में आयोजित कबीर सत्संग में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 प्रत्याशी यशवंत धनेंद्र साहू शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक धनेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। धनेन्द्र साहू ने अपने संबोधन में कहा कि संत कबीर के विचार आज भी समाज को एकता और भाईचारे की सीख देते हैं। उन्होंने सभी से सामाजिक समरसता बनाए रखने की अपील की।यशवंत धनेंद्र साहू ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संत कबीर के आदर्शों को अपने जीवन और जनसेवा में अपनाएंगे। उन्होंने ग्रामवासियों से समर्थन एवं आशीर्वाद की अपील करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए अपने संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर पारस साहू, श्रवण चंद्राकर, भूपेंद्र साहू सहित ग्रामीणों ने सत्संग में भाग लेकर संत कबीर के उपदेशों को आत्मसात किया। कार्यक्रम में आध्यात्मिक प्रवचन, भजन एवं सत्संग का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से सहभागिता की।

बसना नगर पंचायत अध्यक्ष का निर्वाचन रद्द करने शिकायत

रायपुर। आम आदमी पार्टी ने बसना नगर पंचायत के अध्यक्ष पद का निर्वाचन रद्द करने की मांग की है। उन्होंने भाजपा पर इस पद के निर्वाचन में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा, विगत दिनों बसना नगर पंचायत महासमुंद जिले में नगर पंचायत बसना अध्यक्ष पद के लिए भाजपा प्रत्याशी को निर्विरोध चुन लिया गया। जबकि वहां आम आदमी पार्टी और कांग्रेस से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे थे। जिन पर दबाव बनाकर नाम वापिस करवा लिया गया और भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हो गयीं जो कि लोकतंत्र हत्या है। वहीं नगर पंचायत बसना में वार्ड-14 और 15 में आम आदमी पार्टी पार्षद प्रत्याशी निर्वरोध जीत रहे थे क्योंकि भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों ने नाम वापस ले लिया था लेकिन रातों रात कागज की हेराफेरी कर दी गई। कलेक्टर व निर्वाचन अधिकारी से शिकायत आम आदमी पार्टी ने मामले की शिकायत महासमुंद कलेक्टर और महासमुंद निर्वाचन अधिकारी से की है और संबंधित जानकारी मांगी है।

महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा साहू ने पति के प्रचार का मोर्चा संभाला

रायपुर। मदर टेरेसा वार्ड 47 से भाजपा प्रत्याशी संतोष साहू के प्रचार में अब पूर्व पार्षद एवं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा साहू ने अपनी टीम के साथ मोर्चा संभाल रखा है।

निधन

मथुरा प्रसाद पटेल

आरंग। शनिवार को ग्राम पारागांव निवासी 74 वर्षीय वरिष्ठ नाचा

कलाकार मथुरा प्रसाद पटेल का निधन हो गया। वह माह भर से अस्वस्थ चल रहे थे। ग्राम पारागांव निवासी सदाराम पटेल ने बताया उन्होंने अपने जीवन के करीब पैंतीस वर्ष नाचा गम्मत में बिताए। वह सरोरा, बेलसोंडा, कुर्रा, बंगोली नाचा पार्टी में नजरिया व मुख्य डांसर की भूमिका निभाते थे। वे अर्जुन, सुरेश, नरेश पटेल उनके तीन सुपुत्र हैं।

पर्व

गीत और कविताओं के माध्यम से हर्षोल्लास से मनाई बसंत पंचमी

मंत्रोच्चार एवं प्रार्थना गीत के माध्यम से विद्यार्थियों ने मां सरस्वती से मांगा आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

सोमवार को शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला गुखेरा ने मिलकर हर्षोल्लास के साथ बसंत पंचमी पर्व मनाया। इस अवसर पर मंत्रेच्चार एवं प्रार्थना गीत के माध्यम से विद्यार्थियों ने मां सरस्वती को नमन करते हुए उनसे आशीर्वाद मांगा। साथ ही प्रधान पाठक प्राथमिक अरविंद वैष्णव ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि माघ मास शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि को मां सरस्वती का अवतरण माना जाता है तथा ऋतुराज बसंत के आने से शीत का प्रभाव कम होगा तथा रवि का तेज बढ़ेगा। उन्होंने शैक्षिक फाग गीत भी सुनाया। वहीं सहायक शिक्षक रामनारायण कन्नौजे ने अपनी कविता ऋतु बसंत सुहानी से प्रेरित किया अन्य शिक्षकों ने भी इस दिन को ज्ञान, विज्ञान, कला और संगीत की देवी मां सरस्वती को समर्पित बताया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी एकल एवं सामूहिक प्रेरणा गीत प्रस्तुत किए एवं कक्षा तीसरी की छात्र साक्षी यादव ने माता सरस्वती की वेशभूषा की भूमिका से सबको प्रभावित किया एवं पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठक केके साहू, शिक्षक समुदाय विमला चौहान, फातिमा जांगड़े, नीता कन्नौजे, नोहर सिंह यादव, घनश्याम साहू तथा मध्यान महिला स्व सहायता समूह डिगे"वरी यादव, बिसाहिन निषाद, सीमा यादव की उपस्थिति के साथ सहभागी बच्चों को अखबार व कहानी वाचन, जोड़ों में पठन, सहपठन, गतिविधि अंतर्गत आस्था करकेळ, रिया यादव, नेहा जोशी, मोनिका भारती, नेपाली करकेल, सोनाक्षी सोनवानी, भुवनेश्वरी कोसले, निधि खूंटे, श्रद्धा कुर्रे, उर्वशी रात्रे, आरुष यादव, उमंग देवांगन आदि को लेखनी देकर पुरस्कृत भी किया गया।

सशिमं में मां सरस्वती पूजा की 26 छात्र-छात्राओं को मिला विद्यारंभ संस्कार

तिल्दा नेवरा। सरस्वती शिशु मंदिर तिल्दा सासाहोली में बसंत पंचमी (सरस्वती पूजा)का उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । सर्वप्रथम श्रीमती नीलम पाण्डेय के द्वारा मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना के साथ वेद मंत्रोच्चारण कर यज्ञ हवन करवाया गया। तत्पश्चात नवप्रवेशी शिशुओं का पट्टिका पूजा कर विद्यारंभ संस्कार करवाया गया। मानव जीवन में 16 संस्कार होते हैं । जिसमें से एक संस्कार विद्यारंभ संस्कार है मानव जीवन में शिशुओं के सर्वांगीण विकास के लिए संस्कारों का विशेष महत्व होता है अतः सरस्वती शिशु मंदिर में विद्यालय आने से पहले बच्चों को यज्ञ में यह संस्कार किया जाता है। जिसमें कुल 25 नवप्रवेशी भैया बहनों का विद्यारंभ संस्कार करवाया गया ।हवन में चार जोड़े माता - पिता बैठाए गए ।जिसमें सत्यम कुमार साहू - श्रीमती लोकेश्वरी साहू ,श्री मुरली दुबे -श्रीमती वन्दना दुबे, श्री जगदीश प्रसाद यादव-श्रीमती गोदावरी यादव ,श्री मारुति राव -श्रीमती प्रमिलाबाई राव का सहयोग प्राप्त हुआ।तत्पश्चात भैया-बहनों, आचार्य- दीदियों , आगंतुक अभिभावकों द्वारा समर्पण राशि भेंट किया गया।प्रार्थना यज्ञ हवन प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया । इस कार्यक्रम में नगर के गणमान्य जन श्री देवेंद्र सिंह ठाकुर जी .जिला संघचालक रायपुर ग्रामीण (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रायपुर ग्रामीण) श्री विजय ठाकुर पूर्व सरपंच ग्राम घुलघुल,श्री सौरभ जैन,ईश्वर यदु, रामाधार सिंह जी ,श्री टीकम भारद्वाज नगर विस्तारक विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव श्री स्वप्निल श्रीवास्तव ,संरक्षक सदस्य श्री दिलीप शर्मा, सदस्य श्री रमेश वर्मा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय के प्राचार्य श्री श्रवण कुमार साहू ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अभिभावकों,नव प्रवेश योग्य छोटे- छोटे बच्चों,नगर के गणमान्य जनों का हृदय से आभार व्यक्त किया एवं कार्यक्रम की सफलता के लिए सबको साधुवाद ज्ञापित किये।इस कार्यक्रम में सभीभैया- बहनों , समस्त आचार्य दीदियों और भृत्य दीदियों का योगदान सराहनीय एवं प्रसशन्नीय रहा।

अग्रसेन योगासन शाखा ने मनाया बसंत पंचमी

आरंग। अग्रसेन योगासन शाखा अग्रवाल पारा आरंग ने मां सरस्वती का प्रकटोत्सव बसंत पंचमी के रूप धूमधाम से मनाया। सदस्यों के अपने नित्य दिनचर्या आसन, प्रणायाम एवं ध्यान के पश्चात मुख्यवक्ता दीपक साहेब गुरु गोस्वामी द्वारा माता सरस्वती की पूजा, अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्यवक्ता दीपक गुरु गोस्वामी ने अपने उद्बोधन में कहा कि माता सरस्वती बसंत पंचमी के दिन प्रकट हुई थी, इसलिए प्रत्येक वर्ष माघ मास शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि को प्रकटोत्सव दिवस बसंत पंचमी के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर शंकर पाल, रविन्द्र अग्रवाल, बृजेश अग्रवाल, बलराम साहू, गोपाल पाल, शैलेश गुप्ता आदि उपस्थित थे। साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक कार्यालय निर्माण हेतु अग्रसेन योगासन शाखा द्वारा 25101 रुपए सहयोग राशि दी गई। जिसमें सहयोग बृजेश अग्रवाल, ओम गुप्ता, अशोक कुमार ठाकुर, दीपक गुरु गोस्वामी, रविन्द्र अग्रवाल, अभिनेष अग्रवाल, शंकर पाल, अमिताभ अग्रवाल, बलराम साहू, गोपाल पाल, शैलेश गुप्ता, राम कुमार कंसारी, विनय पटेल एवं श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर ट्रस्ट कमेटी द्वारा किया गया।

गायत्री मंदिर में किया गया हवन

तिल्दा नेवरा। नेवरा स्थित गायत्री माता मंदिर में सोवार को सरस्वती पूजा बसंत पंचमी का कार्यक्रम श्रद्धापूर्वक मनाया गया। गायत्री माता मंदिर में पूजा अर्चना यज्ञ हवन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस के नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी लक्ष्मीनारायण वर्मा भी उपस्थित होकर हवन पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए।

रसनी में बसंत उत्सव धूमधाम से मनाया

आरंग। शासकीय नवीन प्राथमिक शाला रसनी में बसंत उत्सव माता सरस्वती की पूजा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर माता सरस्वती के विग्रह की पूजा अर्चना कर बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया। इस दौरान शीला गुरु गोस्वामी, गिरीश कुमार गिलहरे, गिरिजा चंद्राकर, नम्रता कुमारी, रामेश्वरी, पम्मी, खिलेश्वरी तथा विमल यादव उपस्थित थे।

लखौली में धूमधाम से मनाया बसंत पंचमी

आरंग। विवेकानन्द विद्या मंदिर लखौली में बसंत पंचमी का उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम श्वेत वस्त्र धारणी माता सरस्वती की पूजा अर्चना करके फूल, आम मौर, बेर व प्रसाद अर्पित करके बच्चों व शिक्षकों के द्वारा सरस्वती भजन किया गया। तत्पश्चात बच्चों के द्वारा बारी-बारी करके मां सरस्वती को गुलाल लगाकर व पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। इसके बाद बच्चों के द्वारा एक छोटा सा सरस्वती वंदना नृत्य प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात बच्चों को प्रसाद वितरण किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य के द्वारा बसंत पंचमी पर बसंत ऋतु के आगमन व मौसम परिवर्तन के बारे में बच्चों को बताया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के संचालक ब्रह्मचारी नंदकुमार महाराज, प्रधानाचार्य हेमलता साहू, ममता जलक्षत्री, नंदनी यादव, संध्या साहू, मधु बघेल, खुशबू साहू, कुंती यादव, गंगा बंजारे व खोमन साहू उपस्थित थे।

सबका साथ सबका विकास वाला बजट : ललिता वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट पेश हो गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपना 8वां बजट संसद में पेश की। वैसे तो इस बजट में किसानों से लेकर महिलाओं तक सब के लिए बड़े-बड़े ऐलान किए गए, अस्तु सबसे बड़ा ऐलान मिडिल क्लास के लिए किया गया। जिसमें उन्होंने आम लोगों को ऐतिहासिक छूट दी है। केंद्रीय बजट के विषय में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ रही भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी ललिता कृष्णा वर्मा ने कहा कि यह बजट सभी वर्गों के सपनों को पूरा करने वाला है। सभी को ध्यान में रखा गया है टैक्स में छूट से लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी और मध्यम

वर्ग को लाभ होगा। किसानों का भी बजट में खास ध्यान रखा गया है व किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाई गई है। इससे छ.ग. के लाखों किसानों को इसका लाभ होगा। किसानों की स्थिति और सुदृढ़ होगी, मध्यम वर्गीय परिवारों के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखा गया है। आदिवासी दलित महिलाओं को लोन का प्रावधान किया गया है। सभी वर्गों का बजट में ध्यान रखा गया है। यह बजट सबका साथ सबका विकास वाला बजट है।

गरीब, किसान, युवा, महिला को समर्पित है बजट : सिन्हा

धरसींवा। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री अशोक सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किए जाने पर कहा कि यह बजट अभूतपूर्व ही नहीं ऐतिहासिक भी है। उन्होंने सभी वर्गों को दिए गए राहत के लिए पीएम मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब 12 लाख रुपए तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। इससे पहले यह लिमिट 7 लाख रुपए थी। नए ऐलान से सबसे बड़ी राहत सभी वर्ग व नौकरीपेशा वाले लोगों को मिलेगी। जिनकी आय 12 लाख रुपए के करीब है। साथ ही टीडीएस की लिमिट में भी बड़ी राहत दी गई है व एमएसएमई के दायरे को बढ़ाया गया है और उन्हें मिलने वाले क्रेडिट गारंटी जो पहले 5 करोड़ थी, अब वह बढ़ाकर दोगुनी (10 करोड़) कर दी गई है। स्ट्रीट वेंडर्स को पीएम स्वनिधि के तहत 30 हजार तक की लिमिट का क्रेडिट कार्ड भी उन्हें दिलाया जाएगा। अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के 5 लाख महिलाओं के लिए एक नई स्कीम का ऐलान किया गया है। इस स्कीम के तहत पहली बार उद्यमी बन रही इस समाज की महिलाओं को अगले 5 साल के अंतराल में 2 करोड रुपए का टर्म लोन मुहैया कराया जाएगा। साथ ही इस बजट में किसानों से लेकर महिलाओं तक सबके लिए बड़े-बड़े ऐलान किए गए, लेकिन सबसे बड़ा ऐलान मिडिल क्लास, गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति पर है।

सीआरपीएफ के चरौदा शिविर में 411 लोगों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

आरंग। सोमवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा प्रांगण में सीआरपीएफ कैंप भिलाई के डॉ. अशोक महापत्र, डा. राजेश गर्ग, डा. इन्दु वशिष्ठ और डॉ. देवनारायण के नेतृत्व में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 411 बच्चों शिक्षक-शिक्षिकाओं व ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण तथा उपचार किया। शिविर का शुभारंभ सीआरपीएफ के जवानों व बच्चों ने बैंड बाजे की ध्वनि के साथ राष्ट्रगान कर किया। इस अवसर पर डाक्टर अशोक महापात्रों ने बच्चों को प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से प्रेरित व प्रोत्साहित किया। साथ ही स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक बातें भी बताई। वहीं स्वास्थ्य शिविर कैंप की नोडल अधिकारी डॉ. इन्दु वशिष्ठ से बच्चे काफी प्रभावित नजर आए। छोटी-छोटी बच्चियां बड़े होकर उनकी

तरह बनने की इच्छा जताने लगी। गौरतलब है कि सीआरपीएफ द्वारा किए जा रहे आसपास के ग्रामों में मेडिकल कैम्प से लोगों को काफी लाभ हो रहा है। डॉक्टरों ने बताया सीआरपीएफ कैंप द्वारा लगातार स्वास्थ्य शिविर लगाकर अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पूर्व माध्यमिक, नवीन प्राथमिक एवं प्राथमिक तीनों शालाओं के बच्चे, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा ग्रामीणों ने शिविर में स्वास्थ्य जांच कराए। वहीं शिविर के आयोजन संयोजन में विशेष योगदान सीआरपीएफ कैंप भिलाई के जवानों तथा स्कूल प्रबंधन की अहम् भूमिका रही।

महापौर-पार्षद चुनाव के लिए शहर में 1095 मतदान केंद्र, उतने ही लगेंगे कम्पार्टमेंट व चुनाव सामग्री किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम रायपुर में महापौर और पार्षद पद के चुनाव के लिए 1095 मतदान केंद्र बनाए जा रहे हैं। जितने मतदान केंद्र बनाए जा रहे हैं, उनमें उतने ही मतदान कम्पार्टमेंट और चुनाव सामग्री किट भी लगेंगी। मतदान केंद्रों में मतदाताओं को महापौर और पार्षद दोनों पद के लिए वोट करने हैं, इसलिए प्रत्येक मतदान केंद्र में दो-दो बैलेट यूनिट मशीन लगाई जाएगी। इस तरह 1095 मतदान केंद्रों में 2190 बैलेट यूनिटों का उपयोग किया जाएगा। इन मतदान केंद्रों में रिजर्व में 1260 बैलेट यूनिट और 225 कंट्रोल यूनिट की व्यवस्था रहेगी।

नगर पालिका एवं नगर पंचायत के 240 वार्डों में 1290 मतदान केंद्र

जिले के नगर पालिका एवं नगर पंचायत के 240 वार्डों में चुनाव हो रहे हैं। इन वार्डों में मतदान के लिए कुल 1290 मतदान केंद्र बनाए जा रहे हैं, जिनमें मतदाता कम्पार्टमेंट भी उतने ही होंगे। इसी प्रकार यहां के मतदान केंद्रों में 2390 बैलेट यूनिट एवं 1290 कंट्रोल यूनिट उपयोग में लाए जाएंगे।

भाजपा का घोषणा पत्र जनता को ठगने का नया दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा ने जनता को ठगने के लिए नगरीय निकाय चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी किया है। विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी के नाम से घोषणा पत्र जारी किया था, उसे पूरा नहीं कर पाये। जनता का भरोसा उठ गया है, तब अटल विश्वास पत्र जारी कर रहे। भाजपा को पता है मोदी के नाम से जनता वोट नहीं देगी 'मोदी की गारंटी' फिर नहीं चलेगी। काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती, इसीलिये नगरीय निकाय के घोषणा पत्र को 'अटल विश्वास पत्र' का नाम दिये हैं, लेकिन जनता अब इनके झांसे में नहीं आने वाली। विधानसभा चुनाव में घोषणा पत्र के रूप में मोदी की गारंटी

पहले मोदी की गारंटी के नाम पर ठगा, अब अटल विश्वास पत्र ठगने की कोशिश

कांग्रेस का सवाल- किस नैतिकता से नये वादे कर रही भाजपा

प्रस्तुत किया। मोदी की गारंटी में कुल 20 वादे किये थे, 1 साल हो गये राज्य में भाजपा की सरकार बने मोदी की गारंटी के 20 गारंटी में से 17 गारंटी आज भी पूरे नहीं किये जो 3 गारंटी पर जो कुछ काम हुआ है वह भी आधा अधूरा है। जब पहले के वादे पूरे नहीं किये फिर किस नैतिकता से फिर जनता के सामने नया घोषणा पत्र लेकर आये है।

ईवीएम का प्रदर्शन कर लोगों को मतदान के लिए किया जागरूक

तिल्दा नेवरा। नगरीय निकाय तिल्दा नेवरा आम निर्वाचन के तहत जाबो (जागव-वोटर) कार्यक्रम के तहत लोगों को मतदान की प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम में ईवीएम प्रदर्शन और प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स द्वारा कराया जा रहा है। इसी कम में नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा में ईवीएम का प्रदर्शन कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर द्वारा ईवीएम क प्रदर्शन के दौरान मतदान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

भाजपा की सरकार प्रदेश में विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगी : गुरु खुशवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

भारतीय जनता पार्टी के नगरीय निकाय चुनाव कार्यकर्ता सम्मेलन का भव्य आयोजन आरंग नगर के माई की बगिया में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में गुरु खुशवंत साहेब कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त छत्तीसगढ़ शासन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, चुनाव प्रभारी चंदूलाल साहू, रायपुर नगर निगम के चुनाव प्रभारी विकास मरकाम की गरिमामयी उपस्थिति रही। सम्मेलन में कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर आरंग सहित पूरे छत्तीसगढ़ में ट्रिपल इंजन सरकार बनाने का संकल्प लिया। इस

अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम नारंग, भाजपा अधिकृत अध्यक्ष प्रत्याशी डॉ. संदीप जैन, मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहू, पार्षद प्रत्याशीगण, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। गुरु साहेब ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार प्रदेश में विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से पूरी ताकत के साथ चुनाव में जुटने का आह्वान किया और जनता से भाजपा प्रत्याशियों को भारी समर्थन देने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों ने भाजपा को समर्थन देने का संकल्प लिया और निकाय चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित करने का विश्वास व्यक्त किया।

गुमशुदा

गौरव यादव

गौरव यादव पिता महेश यादव (21 वर्ष) ग्राम व पो. दोंदेकला, थाना-विधानसभा, रायपुर (छ.ग.) से 4 जनवरी 2025 से बिना बताए कहीं चला गया है। जो आज तक वापस नहीं लौटा है। कद 5'' फुट, रंग-सांवला है। जिस किसी भी सज्जन को दिखे या कोई जानकारी मिले तो इस नंबर या पते पर सूचित करें।

महेश यादव
मो. 91650-22417, 79995-38563

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राज. परि. नवा अटल नगर रायपुर प्रथम एवं पंचम तल व्यवसायिक परिसर (दक्षिण पूर्व कार्नर) सेक्टर 27 नवा रायपुर, अटल नगर
फोन न: 0771-4016094,
E-mail id: em_zone2@yahoo.com

//आम सूचना//

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा अटल बिहार योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.), में स्वतंत्र भवन कमांक **ई.डब्ल्यु.एस. टाईप 1/81, को श्रीमती मनीषा पाण्डेय पति श्री प्रवीण पाण्डेय,** के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 21.12.2016 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान **श्रीमती मनीषा पाण्डेय पति श्री प्रवीण पाण्डेय, निवासी- फॉरेस्ट कॉलोनी. बीजापुर (छ.ग.)** के द्वारा उक्त भवन को **श्री जगमोहन कौशले पिता श्री धन सिंह कौशले, निवासी वार्ड नं. 19, मण्डल पारा, बेन्द्री निमोरा, रायपुर (छ.ग.) को विकय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन ओ सी) प्रदाय** करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर में स्वतंत्र भवन **ई.डब्ल्यु.एस. टाईप -1/81** के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र./202501116400024/अ-6/वर्ष 2024-2025
रायपुर, दिनांक 28/01/2025, ग्राम कांदुल प.ह.नं. 83

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका बदरून निशा पति-स्व. शेख कमरूद्दीन निवासी- के.के. रोड, दरगाह के सामने, मौदहापारा, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम कांदुल प.ह.नं. 83 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नबंर- 110/32 रकबा 0.0510 हे. भूमि आवेदिका के पति शेख कमरूद्दीन पिता-जेनुद्दीन अब्दुल हक एवं सहखातेदार-शेख इकरामुद्दीन पिता-शेख इमामुद्दीन, अब्दुल माजिद पिता-शेख अहमद के नाम पर संयुक्त रूप से राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार आवेदिका के पति-शेख कमरूद्दीन पिता-जेनुद्दीन अब्दुल हक की मृत्यु दिनांक 03.05.2021 को हो गई है, मृत्यु उपरांत उनके विधिक वारिसान में बदरून निशा (आवेदिका/पत्नी) तथा शेख सिराजुद्दीन (पुत्र) एवं परवीन निशा, फिरदौस आफरीन (पुत्रीगण) हैं, इसके अतिरिक्त अन्य कोई वारिसान नहीं हैं। अतः प्रश्नाधीन भूमि को वारिसान हक में मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर आवेदकगण का नाम दर्ज किए जाने तथा शेष सहखातेदार का नाम यथावत दर्ज रखे जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 18/02/2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 28/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर

प्रमाण पत्र

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार गीतेश्वर कुमार सेन पिता स्व. श्री चिन्ता राम सेन निवासी- ग्राम नायकबांधा तहसील अभनपुर रायपुर छ.ग. के द्वारा भूमिस्वामी जगतारण मान्डले पिता स्व. पुरन दास मान्डले, निवासी ग्राम नायकबांधा, तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम नायकबांधा पं.ह.नं. 26, रा.नि.मं. अभनपुर तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 931/3 का भाग रकबा 0.11 हे. भूमि को खरीदने का पक्का सौदा तय कर लिये है तथा विक्रय पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, बैंक, साहूकार महाजन, या शासकीय अथवा अर्धशासकीय कार्यालय को किसी भी प्रकार से कोई उजर आपत्ति या दावा हो तो मेरे नीचे लिखे कार्यालय पते पर सूचना प्रकाशन के दस दिवस के भीतर खुद अथवा अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता/ अभिभाषक के माध्यम से सुसंगत दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर पावती ले लेवें अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त समय व्यतित होने के पश्चात उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन खुद अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के नाम पर पंजीयन करा लिया जायेगा तथा बाद में किया गया दावा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा। एवं सदभावक क्रेता माना जावेंगा।

स्थान अभनपुर दिनांक 29/01/2025

भवदीय
नागेन्द्र कुमार सिन्हा (अधिवक्ता)
अभनपुर, मो.नं. 9893906809

चुनावी हलचल

महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा साहू ने पति के प्रचार का मोर्चा संभाला

रायपुर। मदर टेरेसा वार्ड 47 से भाजपा प्रत्याशी संतोष साहू के प्रचार में अब पूर्व पार्षद एवं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा साहू ने अपनी टीम के साथ मोर्चा संभाल रखा है। मदर टेरेसा वार्ड 47 के अंतर्गत सोमवार को झूलेलाल मंदिर से तालाब गली देवारपारा, वृद्धाश्रम, क्रिश्चियन कॉलोनी, खैरमाई मंदिर गली, यादवपारा में धुंआधार प्रचार किया गया। इस दौरान उन्हें भारी जनसमर्थन मिला। प्रचार में सीमा साहू, दीपक भारद्वाज, हरीश ठाकुर, सोनू सलूजा, आशीष श्रीवास्तव, पंकज प्रधान, टोनी भैया, अमृत चौहान, गौरी राव, मीना केंवट, कुमारी यादव, कुसुम साहू, सुधा साहू, गीता मंजू जगत, टिकेश्वरी वर्मा, मंजू यादव, नीलू यादव, मीना वर्मा, बेदी प्रधान, गिरिजा साहू, रानी साहू, सोनी खुरा, ममता साहू, किरण साहू समेत बड़ी संख्या में वार्डवासी शामिल हुए।

पुष्पा रोहित साहू ने महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे के साथ निकाली रैली

रायपुर। नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड क्रमांक 31 से भाजपा की पार्षद प्रत्याशी पुष्पा रोहित साहू ने सोमवार को वार्ड में बड़े स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाया और भव्य रैली निकाली। इस दौरान महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे भी शामिल हुईं। पार्षद प्रत्याशी पुष्पा के साथ मीनल चौबे एवं विधायक पुरंदर मिश्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। वार्ड भ्रमण के क्रम में श्रीरामनगर फेज 1, फेज 2, रामलीला चौक, सतनाम चौक, एकता चौक, भावना नगर का व्यापक दौरा किया गया।

पार्षद प्रत्याशी ने वार्ड में पानी टंकी का निर्माण, सतनाम भवन में वाटर कूलर, छायादार शेड का निर्माण, महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन देने की दिशा में कढ़ाई, बुनाई एवं वार्ड में पट्टा वितरण, वार्ड में सभी वर्गों के लिए पुस्तकालय का निर्माण एवं केंद्र व राज्य की सभी योजनाओं को वार्ड के नए हितग्राहियों तक पहुंचाने की पहल करने की बात कही। इसी क्रम में पार्षद प्रत्याशी पुष्पा रोहित साहू ने महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे को भी जीत की अग्रिम बधाई दी। इस विशाल रैली में भाजपा कार्यकर्ता दलविंदर सिंह बेदी, देवराज पारधी, विजेंद्र यादव, लेखराम साहू, मोहित साहू, आशीष वंशपाल, विजय गुप्ता, आयुष्मान दीक्षित, सरोज पाल, विजय वर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान वार्डवासियों का प्रेम और उत्साह देखते बन रहा था, सभी ने पार्षद एवं महापौर प्रत्याशी को भव्य जीत का आशीर्वाद दिया।

असरदार तरीके से प्रचार कर रहीं भाजपा प्रत्याशी ममता सोनू तिवारी

11 फरवरी वो तारीख है, जब रायपुर नगर निगम की नई परिषद के लिए किस्मत का फैसला ईवीएम में कैद हो जाएगा। निकाय चुनाव का प्रचार अपने चरम पर है। बात भक्त माता कर्मा वार्ड यानी वार्ड क्रमांक 67 की करें तो सोमवार को भाजपा प्रत्याशी ममता सोनू तिवारी ने रैली निकालकर प्रचार अभियान को गति दी। वार्ड के श्रीरामनगर से लेकर बिजली ऑफिस तक श्रीमति तिवारी के समर्थन में रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में उनके समर्थक शामिल हुए। श्रीमति तिवारी बेहद असरदार तरीके से चुनाव प्रचार कर रही हैं और उन्हें वार्डवासियों का भरपूर स्नेह तथा समर्थन भी मिल रहा है। वे जनसंपर्क के दौरान वार्डवासियों की दिक्कतों को सुन रही हैं, साथ ही उसके निराकरण का भी वादा कर रही हैं। वार्डवासियों की मानें तो श्रीमति ममता सोनू तिवारी एक मिलनसार महिला नेत्री हैं, जो सालों से सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती रही हैं और इसका फायदा आने वाले चुनाव में श्रीमति ममता सोनू तिवारी को मिलेगा।

गज्जू साहू ने वीर शिवाजी वार्ड-16 में किया जनसंपर्क, मिला समर्थन

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी ने इस बार वीर शिवाजी वार्ड क्रमांक-16 से अत्यंत जुझारू एवं कर्मठ प्रत्याशी गज्जू साहू को मैदान में उतारा है। उन्हें जनता का भारी समर्थन मिल रहा है सोमवार से उनका जनसंपर्क जोर-शोर से प्रारंभ हो गया, जिससे वार्ड के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम जनता में भी उत्साह की लहर है। इसी क्रम में गज्जू साहू अपने समर्थकों के साथ सुबह-सवेरे चुनावी दंगल में ताल ठोककर उतरे हैं और अपने समर्थकों को साथ लेकर रैली के रूप में ब्रह्मदेई पारा, खमतराई, न्यू साहू पारा खमतराई आदि स्थानों पर जोरदार प्रचार किया। भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में समर्थन मांगने प्रचार अभियान को गति प्रदान की। इस बीच उनको जनता का भी प्रबल समर्थन मिलता दिखाई दिया। प्रचार अभियान में गज्जू साहू को मोहन उपारकर, गजानन सिन्हा, दुर्वास मटाले, बालकृष्ण साहू, भाऊ ठाकुर, हेमंत साहू, गणेश राव आदि का महत्वपूर्ण सहयोग मिला।

विधायक सोनी ने पार्षद प्रत्याशी अमर गिदवानी के साथ कार्यकर्ताओं में भरा जोश

रायपुर। वार्ड क्रमांक-57 भगवतीचरण शुक्ल वार्ड से पार्षद प्रत्याशी अमर गिदवानी सोमवार को कार्यकर्ताओं के साथ कटोरा तालाब स्थित अपने कार्यालय से संत कंवरराम चौक होते हुए गोवर्धन चौक, केनाल रोड एवं कटोरा तालाब के आसपास क्षेत्र सतबहनिया मंदिर, दुर्गा मंदिर आदि प्रमुख स्थलों पर सघन दौरा किया। वार्ड से जुड़ी लोगों की समस्याएं सुनीं और जीत के बाद जल्द से जल्द उन समस्याओं का निवारण किए जाने का जनता को आश्वासन दिया। कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में आज विधायक सुनील सोनी ने भी कार्यकर्ताओं में जोश बढ़ाने के लिए कटोरा तालाब स्थित कार्यालय में बैठक ली। उन्होंने सभी वार्डों में भाजपा को भारी मतों से जिताने के लिए कार्यकर्ताओं को दृढ़ संकल्पित होकर कार्य करने का दिशा निर्देश दिया। पार्षद प्रत्याशी अमर गिदवानी को वार्ड में जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। जनसंपर्क के दौरान विधायक सुनील सोनी, बीजेपी प्रवक्ता केदार गुप्ता, कुबेर राम सपहा, मुकेश पंजवानी, हेमलता चंद्राकर, राहुल चंदनानी, सतीश तौरानी, बाबला होतवानी, सुनील शर्मा व गायत्री आदि शामिल हुए।

ऐसा वार्ड, जहां 15 साल से निर्दलीय का कब्जा खेल मैदान और सफाई व्यवस्था होंगे बड़े मुद्दे

वार्ड नंबर 50
पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड

वार्ड-50 में मतदाताओं की कुल संख्या
12401

पुरुष मतदाता	6343
महिला मतदाता	6055

जितेंद्र बारले

गायत्री नौरंगे

सहदेव व्यवहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड-50 परिसीमन के पहले डा. राजेंद्र प्रसाद वार्ड क्रमांक-52 में शामिल था। परिसीमन के बाद पहली बार यह वार्ड अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है। वार्ड में पिछले 15 साल से निर्दलीय पार्षद ही जीत हासिल करते आ रहे हैं। इससे पता चलता है कि वार्ड के मतदाता भाजपा और कांग्रेस से ज्यादा निर्दलीय प्रत्याशी पर विश्वास जताते आ रहे हैं। हालांकि निर्दलीय पार्षद होने के कारण इस वार्ड में विकास कार्य बहुत कम हो पाए हैं, क्योंकि वार्ड में भू-माफिया की सक्रियता ज्यादा है, जिसके कारण सरकारी और निजी जमीनों पर कब्जा होने के कारण इस वार्ड में नए विकास कार्य बहुत कम हुए हैं। इस बार भी चुनाव में यहां से भाजपा, कांग्रेस और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के अलावा 3 निर्दलीय प्रत्याशी मैदान पर हैं। तीनों निर्दलीय प्रत्याशी स्थानीय निवासी हैं, जबकि भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी दूसरे वार्ड के रहवासी हैं।

त्रिकोणीय मुकाबला

इस वार्ड से वैसे तो भाजपा, कांग्रेस, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के अलावा 3 निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव में खड़े हैं, लेकिन वार्ड में जिस तरह से प्रत्याशियों का प्रचार-प्रसार चल रहा है, उसे देखकर यहां की जनता भी कह रही है कि वार्ड में कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे जितेंद्र बारले उर्फ जीतू से भाजपा प्रत्याशी गायत्री नौरंगे और कांग्रेस के सहदेव व्यवहार को जूझना पड़ेगा।

निर्दलीय प्रत्याशी जितेंद्र बारले

बागी होकर निर्दलीय लड़ रहे जितेंद्र बारले पहली बार पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके वार्ड में भू-माफियाओं का कब्जा है। निजी जमीनों से लेकर शासकीय जमीनों को भी भू-माफिया कब्जा कर रहे हैं, जिसके कारण वार्ड में एक भी खेल मैदान बन नहीं पाया है। आज के समय में स्वस्थ रहने के लिए खेल एवं व्यायाम केंद्र बहुत जरूरी है। यह मेरी प्राथमिकता में है। उनका मानना है कि जनता को मूलभूत सुविधाएं देना पार्षद का दायित्व एवं फर्ज होता है, इसलिए उसके अलावा वार्ड में शिक्षा के लिए युवा लाइब्रेरी, बीएसयूपी कालोनी का जीर्णोद्धार सहित नए विकास कार्य करना भी प्राथमिकता में है।

भाजपा प्रत्याशी गायत्री नौरंगे

भाजपा प्रत्याशी गायत्री नौरंगे भी पार्टी से नया चेहरा है। उनका कहना है कि वार्ड वासियों को मूलभूत सुविधाएं तो मिलनी ही चाहिए। इसके अलावा नए विकास कार्य भी होने चाहिए। शिक्षा, स्वास्थ्य से लेकर वार्डवासियों की सुरक्षा के लिए सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगने चाहिए। महिलाओं को सशक्तीकरण बनाने उन्हें रोजगार उपलब्ध कराना भी मेरा उद्देश्य है। इन सभी मुद्दों को लेकर वे जनता के बीच जा रही हूं।

कांग्रेस प्रत्याशी सहदेव व्यवहार

कांग्रेस प्रत्याशी सहदेव व्यवहार ने कहा कि वे ज्वलंत मुद्दों को लेकर इस बार जनता के बीच जा रहे हैं। वार्ड में नशाखोरी-असामाजिक तत्वों का जमावड़ा तेजी से बढ़ा है, जिससे लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इसे देखते हुए वार्ड में सीसीटीवी कैमरे लगवाना मेरी प्राथमिकता होगी। वार्ड में मच्छरों का प्रकोप भी ज्यादा है, इसलिए नाले-नालियों को भी ढंकने का कार्य भी प्राथमिकता में है। वार्ड में खेल मैदान और कॉलेज भी नहीं है। इन सभी मुद्दों को लेकर वे जनता के बीच जा रहे हैं।

कांग्रेस लगाएगी हैट्रिक या भाजपा करेगी उलटफेर, रोचक होगा चुनावी मुकाबला

वार्ड नंबर 24
सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड

कुल मतदाताओं की संख्या	: 14,362
पुरुष मतदाता	: 7,022
महिला मतदाता	: 7,338
तृतीय लिंग मतदाता	: 2

वार्ड में शामिल एरिया : गोकुलनगर, लक्ष्मण नगर, गोपाल नगर, शीतला पारा, राजीव नगर। वार्ड परिसीमन में कृष्णानगर और डौली कुंआ इलाका कट गया। पिछले चुनाव में 15,700 वोटर थे। इस बार 2 बूथ कट गए।

रायपुर। रायपुर नगर निगम में 35 साल पहले शामिल सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड नंबर 24 कांग्रेस का गढ़ रहा है। यहां 4 बार के चुनाव में कांग्रेस का दबदबा रहा और पार्षद की कुर्सी उसके हिस्से में आई। 2 मौकों पर भाजपा के प्रत्याशी चुनाव जीतकर पार्षद बने, जबकि निर्दलीय को केवल एक बार पार्षद बनने का मौका मिला। अब 8वीं बार के चुनाव में कांग्रेस की हैट्रिक बनेगी या भाजपा इस बार कोई कमाल दिखा पाएगी, इस पर सबकी नजर है। पिछली बार के वार्ड चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मनीराम साहू भाजपा प्रत्याशी गोपी साहू को 219 मतों से हराकर पार्षद बने थे। वहीं एजाज ढेबर के कार्यकाल में उन्हें जोन-7 का अध्यक्ष बनने का मौका भी मिला। इस बार चुनाव में निवृत्तमान पार्षद मनीराम साहू की धर्मपत्नी दीपबाई साहू कांग्रेस से प्रत्याशी हैं, उनका मुकाबला भाजपा प्रत्याशी राधिका साहू से है। नगर निगम जोन-7 के सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड के 35 साल के इतिहास में पहली बार हुए वार्ड चुनाव में कांग्रेस पार्टी के भगवती प्रसाद नामदेव पार्षद चुने गए थे। दूसरी बार के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी आशालता साहू को जनता ने जीत का तोहफा दिया। इसके बाद तीसरी बार भाजपा के प्रत्याशी विश्राम यादव पार्षद बने। चौथी बार के पार्षद चुनाव में कांग्रेस के डॉ. भागवत साहू ने जीत का परचम लहराया। इसके बाद खेमलाल कांग्रेस पार्टी की टिकट से चुनाव जीतकर पार्षद चुने गए। अगले चुनाव में हेमलता-भागवत साहू ने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में विजय हासिल की। पिछले बार के चुनाव में कांग्रेस के ही प्रत्याशी मनीराम साहू ने भाजपा प्रत्याशी गोपी साहू को हराकर जीत दर्ज की थी।

आमने-सामने

नालियों की सफाई नहीं पेयजल की समस्या भी

भाजपा प्रत्याशी राधिका साहू का कहना है, पिछले पांच साल में निवृत्तमान पार्षद ने वार्ड विकास के लिए काफी कुछ काम किए। फिर भी वार्ड में नालियों की सफाई में कोताही, पानी की समस्या और स्ट्रीट लाइट की परेशानी दूर करने की जरूरत है। जनता के सहयोग से यह काम पूरा करने की मंशा है। वार्ड के कुछ जगहों पर हैंडपंप में पानी कम आने की समस्या भी लोगों ने बताई है।

5 साल के विकास कार्यों पर मांगेंगे वोट

कांग्रेस प्रत्याशी दीपबाई साहू का कहना है, पिछले 5 साल में वार्ड विकास के कार्यों को आधार बनाकर जनता के बीच जाकर वोट मांगूंगी। मेरी पहली प्राथमिकता वार्डवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। पिछले 5 साल में वार्ड में मुक्तिधाम का सौंदर्यीकरण, कर्मा चौक पर सड़क पर लगने वाले बाजार को सुव्यवस्थित कर ब्रिज के नीचे शिफ्ट कराया गया। गोकुलनगर में निकास नाली का निर्माण और तालाब की सफाई, सौंदर्यीकरण का कार्य प्रमुखता से कराया गया।

35 साल से वामनराव लाखे वार्ड में जलभराव, चुनाव में यही मुख्य मुद्दा

वार्ड नंबर 66
वामनराव लाखे वार्ड

कुल मतदाता	: 16,687
पुरूष मतदाता	: 8175
महिला मतदाता	: 8,507
तृतीय लिंग मतदाता	: 5

भाजपा के श्यामसुंदर अग्रवाल, कांग्रेस से सर्वजीत सिंह ठाकुर सहित 3 निर्दलीय चुनाव मैदान पर

रायपुर। शहर के 35 साल पुराने वामनराव लाखे वार्ड नंबर 66 के रहवासी 35 साल से बारिश के सीजन में जलभराव की समस्या से त्रस्त रहे हैं। गली मोहल्लों से होकर नालियों का गंदा पानी पूरे वेग से लोगों के घरों में घुस जाता है कई घरों में चूल्हे तक नहीं जलते, राशनपानी से लेकर अन्य तरह की जरूरी चीज बारिश की भेंट हर बार चढ़ती है। प्रोफेसर कालोनी, बंजारी नगर, आदिवासी कालोनी कुशालपुर सहित अन्य रहवासी बस्तियां डूबान क्षेत्र बनकर रह गई हैं। निकाय चुनाव में इस बार जलभराव की समस्या प्रमुख मुद्दा बनकर सामने है। वार्ड में परिसीमन के बाद हनुमान नगर का क्षेत्र कट गया है। इसके चलते पिछले चुनाव की तुलना में 2 हजार मतदाता कम हो गये।

आमने-सामने

5 साल में विकास के कार्य ठप
श्यामसुंदर अग्रवाल, भाजपा प्रत्याशी

भाजपा प्रत्याशी श्यामसुंदर अग्रवाल का कहना है पिछले 5 साल में वार्ड में विकास कार्य ठप रहे। प्रोफेसर कालोनी, बंजारी नगर, आदिवासी कालोनी कुशालपुर में जलभराव प्रमुख समस्या है। जिसका समाधान आज तक नहीं हो पाया। इसके अलावा निकास नाली और खस्ताहाल सड़क से रहवासी परेशान हैं। पिछले 5 सालों में भ्रष्टाचार का बोलबाल रहने से जनहित से जुड़े विकास कार्य प्रभावित हुये।

जलभराव रोकने करेंगे ठोस काम
सर्वजीत सिंह ठाकुर, कांग्रेस प्रत्याशी

एक अरसे वार्ड की प्रमुख समस्या बारिश के समय जलभराव की रही है। इसके लिए जन सहयोग से ठोस कार्य करने की मंशा है। स्ट्रीट लाइट ,पेयजल की समस्या दूर करने काम किया जायेगा।

पांच साल के विकास कार्य जनता के सामने है
विजेता यादव निर्दलीय प्रत्याशी

आरोप निराधार हैं, पिछले 5 साल में वार्ड में कराये गये विकास कार्य जनता के सामने है। बारिश के समय डूबान क्षेत्र में जलभराव की समस्या रही है। इसके लिए ठोस कार्य योजना बनाने प्रस्ताव लाया जायेगा। जनता की मूलभूत जरूरतों के हिसाब से कार्य करूंगी।

वामनराव लाखे वार्ड में 8वीं बार अपनी पसंद का पार्षद चुनने मतदाता 11 फरवरी को मतदान करेंगे। चुनाव में भाजपा से श्यामसुंदर अग्रवाल, कांग्रेस से सर्वजीत सिंह ठाकुर का मुकाबला निवृतमान पार्षद और पूर्व जोन अध्यक्ष स्वर्गीय मन्नू यादव की धर्मपत्नी विजेता यादव से है, जो निर्दलीय चुनाव लड़ रही हैं। साथ ही 2 अन्य निर्दलीय पुरुषोत्तम सोनकर, कृष्णा सोनकर भी चुनाव मैदान पर हैं। शिवसेना ने संजय सोनकर को प्रत्याशी बनाया है।

वार्ड की तासीर ये है कि 5 बार भाजपा का दबदबा रहा। एक बार निर्दलीय और कांग्रेस के हिस्से में महज एक ही बार वार्ड मेंबर की कुर्सी हाथ लगी। पूर्व में यह वार्ड लाखेनगर वार्ड के नाम से जाना जाता रहा। पहली बार इस वार्ड से कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष शर्मा चुनाव जीतकर पार्षद बने। इसके बाद भाजपा से रमेश सिंह ठाकुर ने चुनाव में जीत दर्ज की। तीसरी बार भाजपा से माधुरी अग्रवाल और चौथी बार रमेश सिंह ठाकुर वार्ड पार्षद बने। पांचवी बार पार्षद के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी विजेता यादव को जीत हासिल हुई। वार्ड के छठवीं बार हुये चुनाव में एक बार फिर रमेश सिंह ठाकुर ने भाजपा का परचम लहराया। इस तरह श्री ठाकुर इस वार्ड से तीन बार पार्षद चुनकर जनता के बीच आये। पिछली बार के निगम चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी मन्नू-विजेता यादव चुनाव जीते, जो बाद में कांग्रेस शामिल होकर जोन अध्यक्ष बने।

महापौर-पार्षद चुनाव के लिए शहर में 1095 मतदान केंद्र, उतने ही लगेंगे कम्पार्टमेंट और चुनाव सामग्री किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम रायपुर में महापौर और पार्षद पद के चुनाव के लिए 1095 मतदान केंद्र बनाए जा रहे हैं। जितने मतदान केंद्र बनाए जा रहे हैं, उनमें उतने ही मतदान कम्पार्टमेंट और चुनाव सामग्री किट भी लगेंगी। मतदान केंद्रों में मतदाताओं को महापौर और पार्षद दोनों पद के लिए वोट करने हैं, इसलिए प्रत्येक मतदान केंद्र में दो-दो बैलेट यूनिट मशीन लगाई जाएगी। इस तरह 1095 मतदान केंद्रों में 2190 बैलेट यूनिटों का उपयोग किया जाएगा। इन मतदान केंद्रों में रिजर्व में 1260 बैलेट यूनिट और 225 कंट्रोल यूनिट की व्यवस्था रहेगी।

नगर पालिका एवं नगर पंचायत के 240 वार्डों में 1290 मतदान केंद्र

जिले के नगर पालिका एवं नगर पंचायत के 240 वार्डों में चुनाव हो रहे हैं। इन वार्डों में मतदान के लिए कुल 1290 मतदान केंद्र बनाए जा रहे हैं, जिनमें मतदाता कम्पार्टमेंट भी उतने ही होंगे। इसी प्रकार यहां के मतदान केंद्रों में 2390 बैलेट यूनिट एवं 1290 कंट्रोल यूनिट उपयोग में लाए जाएंगे। मतदान के दौरान बैलेट या कंट्रोल यूनिट में खराबी आने से मतदान की प्रक्रिया में बाधा न आए। इसे देखते हुए रिजर्व में 2140 बैलेट यूनिट और 610 कंट्रोल यूनिट की व्यवस्था की गई है।

नगरपालिकाओं में इतने मतदान केंद्र होंगे ज्यादातर में एक बैलेट यूनिट का उपयोग

नगर पालिका परिषद आरंग में 17 वार्ड में 25 मतदान केंद्र हैं। यहां प्रति मतदान केन्द्र में 1 बैलेट यूनिट लगेगी। इस प्रकार यहां के मतदान केंद्र में 25 बैलेट यूनिट एवं 25 कंट्रोल यूनिट उपयोग में लाए जाएंगे। साथ ही रिजर्व में 95 बैलेट यूनिट और 35 कंट्रोल यूनिट रहेंगे। नगरपालिका परिषद गोबरा-नवापारा में 21 वार्ड में 26 मतदान केंद्र हैं। यहां प्रति मतदान केंद्र में 1 बैलेट यूनिट लगेगी। इस प्रकार यहां के मतदान केन्द्र में 26 बैलेट यूनिट एवं 26 कंट्रोल यूनिट उपयोग में लाए जाएंगे, साथ ही रिजर्व में 114 बैलेट यूनिट और 44 कंट्रोल यूनिट रहेंगे। नगरपालिका परिषद तिल्दा में 22 वार्ड में 31 मतदान केंद्र हैं, जिनसे 4 वार्ड के 5 मतदान केंद्रों में 2 बैलेट यूनिट तथा अन्य मतदान केन्द्र में 1 बैलेट यूनिट लगेगी। इस प्रकार यहां के मतदान केंद्र 36 बैलेट यूनिट एवं 31 कंट्रोल यूनिट उपयोग में लाए जाएंगे, साथ ही रिजर्व में 114 बैलेट यूनिट और 49 कंट्रोल यूनिट रहेंगे। नगरपालिका परिषद मंदिर हसौद में 20 वार्ड में 23 मतदान केंद्र हैं, यहां प्रति मतदान केन्द्र में 1 बैलेट यूनिट लगेगी। इस प्रकार यहां के मतदान केंद्र 23 बैलेट यूनिट एवं 23 कंट्रोल यूनिट उपयोग में लाए जाएंगे, साथ ही रिजर्व में 107 बैलेट यूनिट और 47 कंट्रोल यूनिट रहेंगे। नगरपालिका परिषद अभनपुर में 15 वार्ड में 15 मतदान केंद्रहैं, जहां प्रति मतदान केंद्र में 1 बैलेट यूनिट लगेगी। इस प्रकार यहां के मतदान केंद्र 15 बैलेट यूनिट एवं 15 कंट्रोल यूनिट उपयोग में लाए जाएंगे, साथ ही रिजर्व में 75 बैलेट यूनिट और 35 कंट्रोल यूनिट रहेंगी।

बसना नगर पंचायत अध्यक्ष का निर्वाचन रद्द करने शिकायत

रायपुर। आम आदमी पार्टी ने बसना नगर पंचायत के अध्यक्ष पद का निर्वाचन रद्द करने की मांग की है। उन्होंने भाजपा पर इस पद के निर्वाचन में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा, विगत दिनों बसना नगर पंचायत महासमुंद जिले में नगर पंचायत बसना अध्यक्ष पद के लिए भाजपा प्रत्याशी को निर्विरोध चुन लिया गया। जबकि वहां आम आदमी पार्टी और कांग्रेस से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे थे। जिन पर दबाव बनाकर नाम वापिस करवा लिया गया और भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हो गयीं जो कि लोकतंत्र हत्या है। वहीं नगर पंचायत बसना में वार्ड-14 और 15 में आम आदमी पार्टी पार्षद प्रत्याशी निर्वरोध जीत रहे थे क्योंकि भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों ने नाम वापस ले लिया था लेकिन रातों रात कागज की हेराफेरी कर दी गई।

कलेक्टर व निर्वाचन अधिकारी से शिकायत

आम आदमी पार्टी ने मामले की शिकायत महासमुंद कलेक्टर और महासमुंद निर्वाचन अधिकारी से की है और संबंधित जानकारी मांगी है।

भाजपा का घोषणा पत्र जनता को ठगने का नया दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा ने जनता को ठगने के लिए नगरीय निकाय चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी किया है। विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी के नाम से घोषणा पत्र जारी किया था, उसे पूरा नहीं कर पाये। जनता का भरोसा उठ गया है, तब अटल विश्वास पत्र जारी कर रहे। भाजपा को पता है मोदी के नाम से जनता वोट नहीं देगी 'मोदी की गारंटी' फिर नहीं चलेगी। काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती, इसीलिये नगरीय निकाय के घोषणा पत्र को 'अटल विश्वास पत्र' का नाम दिये हैं, लेकिन जनता अब इनके झांसे में नहीं आने वाली। विधानसभा चुनाव में घोषणा पत्र के रूप में मोदी की गारंटी प्रस्तुत किया। मोदी की गारंटी में कुल 20 वादे किये थे, 1 साल हो गये राज्य में भाजपा की सरकार बने मोदी की गारंटी के 20 गारंटी में से 17 गारंटी आज भी पूरे नहीं किये जो 3 गारंटी पर जो कुछ काम हुआ है वह भी आधा अधूरा है। जब पहले के वादे पूरे नहीं किये फिर किस नैतिकता से फिर जनता के सामने नया घोषणा पत्र लेकर आये है। जब पुराना घोषणा पत्र जिसके आधार पर 2023 में राज्य में सरकार चलाने का जनादेश लिया उसे पूरा नहीं किया तो जनता नये घोषणा पत्र पर कैसे और क्यों भरोसा करेगी? भाजपा का नया घोषणा पत्र भी झूठ और वादाखिलाफी का दस्तावेज है।

पहले मोदी की गारंटी के नाम पर ठगा, अब अटल विश्वास पत्र ठगने की कोशिश
कांग्रेस का सवाल- किस नैतिकता से नये वादे कर रही भाजपा

सरायपाली चुनाव प्रचार करने पहुंचे पीसीसी अध्यक्ष

बैज बोले- बसना में हुई बड़ी डील, जल्द किया जाएगा खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर प्रचार करने सरायपाली पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आरोप लगाया कि बसना में बहुत बड़ी डील हुई है, जिसका खुलासा जल्द ही किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बसना में किस तरह खरीद फरोख्त हुई है, उसे पूरे प्रदेश की जनता देखेगी।

दरअसल बसना में अध्यक्ष पद प्रत्याशी द्वारा नाम वापस लिए जाने की जांच पूरी करने के बाद रिपोर्ट आज ही पीसीसी को सौंपी जा रही है। माना जा रहा है कि इसके बाद कांग्रेस, ऐसे बागी नेताओं के खिलाफ कोई कठोर कदम उठाएगी। बसना में एक नाटकीय घटनाक्रम के तहत नगर पंचायत अध्यक्ष की कांग्रेस प्रत्याशी तुलसी बंजारा और आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी अमरीन इरफान गिगानी ने नाम वापस ले लिया। इसके बाद भाजपा प्रत्याशी डॉ खुशबू अग्रवाल निर्विरोध निर्वाचित हो गईं। इस वाकये से कांग्रेस खेमे में हड़कंप मच गया।

कांग्रेस प्रत्याशियों की खरीद-फरोख्त कर रही भाजपा

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज सरायपाली क्षेत्र में पहुंचे और कांग्रेस के प्रत्याशियों के प्रचार-प्रसार में हिस्सा लिया। संवाददाताओं से उन्होंने कहा, भाजपा की सरकार एक साल में ही विफल हो चुकी है। अपनी नाकामी को छिपाने के लिए वह कांग्रेस पर तमाम आरोप लगा रही है, कांग्रेस के प्रत्याशियों की खरीद-फरोख्त कर रही है। उन्हें डरा-धमका कर नामांकन भरने से रोक रही है।

पर्यवेक्षक ने दी रिपोर्ट

मामले की जानकारी मिलते ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने तत्काल जांच के आदेश दिये। चुनाव के लिये नियुक्त पर्यवेक्षक अंकित बागबाहरा ने बसना में वरिष्ठ कांग्रेसजनों और सभी पार्षद प्रत्याशियों की बैठक ली। बैठक में वहां के पूर्व मंत्री देवेन्द्र बहादुर सिंह भी मौजूद थे। मामले की जांच रिपोर्ट बंद लिफाफे में पीसीसी को सौंप दी जाएगी।

खबर संक्षेप

मुख्यमंत्री साय ने नर्मदा जयंती की दीं शुभकामनाएं

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 4 फरवरी को नर्मदा जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने मां नर्मदा के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि मां नर्मदा का आशीर्वाद समस्त जीवों के कल्याण के लिए है। नर्मदा नदी केवल जलधारा नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और समृद्धि की प्रतीक है। मां नर्मदा की निर्मल धारा जीवनदायिनी है और हमें जल संरक्षण का संदेश देती है। इस पावन पर्व पर हम सभी संकल्प लें कि जल संसाधनों के संरक्षण और पर्यावरण की रक्षा के लिए सतत प्रयास करेंगे।

माशिम में होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड प्रशिक्षण

रायपुर। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत एनसीईआरटी के निर्देशानुसार 5 दिवसीय कार्यशाला सहप्रशिक्षण का आयोजन माध्यमिक शिक्षा मंडल के सभाकक्ष में किया जा रहा है। 3 एवं 4 फरवरी को होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके बाद प्रश्न पत्र टेम्पलेट का मानकीकरण संबंधित जानकारी दी जाएगी। माशिम सचिव पुष्पा साहू ने कहा, होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन के मूल्यांकन का एक नया तरीका है। उपसचिव जेके अग्रवाल ने नकारात्मक सोच को त्यागकर अपने प्रभाव क्षेत्र में सर्वोत्तम कार्य करने का सुझाव दिया। डॉ.प्रदीप साहू, प्रीति शुक्ला, मनीषि सिंह, शिवा सोमवंशी, चन्द्रप्रभा राहगडाले, अंशुमन कसेर, सिरीज पाल सहित आदि उपस्थित रहे।

निधन

शांतिलाल चोपड़ा

रायपुर। टैगोर नगर निवासी शांतिलाल चोपड़ा का 3 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे प्रेमचंद, रमेश, अशोक, डॉ. अजय, मुकेश चोपड़ा के भाई थे।

एमबी रॉय

रायपुर। शताब्दी नगर निवासी एमबी रॉय (73) का 3 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सेंट पॉल्स कैथेड्रल की प्रभु वाटिका में किया गया। वे निर्मला रॉय के पति और नीरज मसीह रॉय, धीरज, सुनीति जॉन और प्रीति मसीह के पिता थे।

वासुदेव सोनकर

रायपुर। कुशालपुर निवासी वासुदेव सोनकर का 3 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 फरवरी को सुबह 11 बजे महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे लक्ष्मीनारायण सोनकर, प्रद्युमन सोनकर के बड़े भाई और कृष्ण बब्बी सोनकर और रमाकांत सोनकर के पिता थे।

एक क्लिक पर मिलेगी पुरानी फाइल, आंबेडकर अस्पताल के एमआरडी में होगी ई-फाइलिंग की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंबेडकर अस्पताल में होने वाले इलाज, जीवन-मृत्यु के संबंधित दस्तावेजों को सहेजकर रखने वाले मेडिकल रिकार्ड डिपार्टमेंट (एमआरडी) में ई-फाइलिंग की सुविधा दिए जाने की तैयारी है। इसके बाद केवल एक क्लिक पर पुराने से पुराने दस्तावेजों मिल जाएंगे। अभी एमआरडी पुरानी व्यवस्था के तहत काम करने की वजह से फाइलों के बोझ तले दबा हुआ है।

आंबेडकर अस्पताल में संचालित होने वाले विभिन्न विभागों के साथ इमरजेंसी से भी संबंधित तमाम दस्तावेज मिलाकर प्रतिदिन पांच सौ से एक हजार फाइलें एमआरडी पहुंचती हैं। इस विभाग की जिम्मेदारी इन दस्तावेजों को सहेजकर रखना और मांग पर उपलब्ध कराना होता है। आवश्यक होने की वजह से वहां फाइलों का अंबार लगा रहता है और किसी प्रकरण की मांग पर उसके दस्तावेज खोजने के लिए संबंधित स्टाफ को काफी सिर खपाना पड़ता है। आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अस्पताल प्रबंधन द्वारा एमआरडी ई-फाइलिंग की सुविधा से लैस करने की तैयारी की जा रही है। इस सुविधा के बाद एमआरडी में आने वाले दस्तावेजों की एंट्री ऑनलाइन होगी, जिसके बाद पुरानी फाइलों के बारे भी पता लगाने कड़ी मशक्कत करने की आवश्यकता नहीं होगी। कंप्यूटर में थोड़ी प्रक्रिया पूरी करने के बाद केवल एक क्लिक के माध्यम से सारी जानकारी स्क्रीन पर सामने होगी। पिछले दिनों दौरे पर आए स्वास्थ्य सचिव को अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डा. संतोष सोनकर द्वारा भावी योजनाओं के तहत इसकी जानकारी दी थी।

अस्पताल प्रबंधन बना रहा योजना, यहां रखे जाते हैं महत्वपूर्ण दस्तावेज

एमएलसी प्रकरणों का भी लेखा-जोखा

एमआरडी में अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले नॉन एमएलसी के साथ एमएलसी यानी मेडिको लीगल केस का लेखा-जोखा भी रखा जाता है। अस्पताल में उपचार के दौरान होने वाली मृत्यु के साथ भर्ती, डिस्चार्ज, लामा जैसे प्रकरणों की फाइल के रख-रखाव की जिम्मेदारी भी इन्हीं की होती है। अस्पताल में होने वाली मृत्यु से संबंधित सर्टिफिकेट भी यहीं से जारी किए जाते हैं।

बड़ा स्पेस जरूरी

सूत्रों के मुताबिक प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में आने वाली फाइलों को कई सालों तक यहां समेटकर रखने की आवश्यकता होती है। इसके कारण इस विभाग में फाइलों का ढेर लगा रहता है और मौजूद जगह काफी छोटी पड़ती है। जरूरतों के आधार स्थान बड़ा करने और फाइलों को भी व्यवस्थित रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किए जाने की तैयारी की जा रही है।

ट्रैफिक नियम तोड़ने पर पांच मिनट में ई-चालान जुर्माने से हड़बड़ाए लोग, लगे फोन घनघनाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रैफिक रूल तोड़ कर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वालों के खिलाफ पांच मिनट के अंदर ई-चालान भेजे जाने का असर दिखने लगा है। पांच मिनट में ई-चालान जनरेट कर भेजे जाने की हरिभूमि की टीम ने ग्राउंड पड़ताल की, तो पाया कि जिन लोगों के ई-चालान काटे गए, वो ट्रैफिक पुलिस के पास कॉल कर अपनी गलती पूछने के साथ गलती बताए जाने पर माफी की गुहार लगाते दिखे। पूर्व में ई-चालान आठ से दस दिन में जनरेट होने की वजह से वाहन चालक चालान पटाने में लापरवाही करने के साथ ही चालान की अनदेखी कर देते थे। तत्काल ई-चालान काटे जाने को वाहन चालक भी गंभीरता से ले रहे हैं।

ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर के मुताबिक ट्रैफिक रूल तोड़ने पर पांच मिनट के अंदर ई-चालान जनरेट कर वाहन चालक के मोबाइल पर पीडीएफ भेजे जाने का असर दिखने लगा है। दो दिन में काटे गए दो सौ ई-चालान में से 40 से ज्यादा लोगों ने जुर्माना राशि ऑनलाइन पेमेंट किया है। जिन लोगों के ई-चालान काटे गए हैं, उनमें ज्यादातर नो पार्किंग में वाहन पार्क करने के साथ रांग साइड के साथ ट्रिपल सवारी दोपहिया चलाने के मामले हैं।

राजधानी में ट्रैफिक रूल तोड़ने वालों के खिलाफ नया इंतजाम
वाहनों का ई-चालान कटते ही अब पांच मिनट में आएगा संदेश, दस मिनट में ऑनलाइन भुगतान भी

साहब, हमने क्या कसूर किया

शारदा चौक में नो पार्किंग में खड़ी एक गैस एजेंसी की गाड़ी का नो पार्किंग में वाहन पार्क करने का ई-चालान जनरेट कर वाहन मालिक के पास भेजा गया। वाहन मालिक के कहने पर वाहन चालक कालीबाड़ी स्थित ट्रैफिक थाने पहुंचा और वहां बैठे ट्रैफिक पुलिस के जवानों से अपने वाहन का ई-चालान काटे जाने का कारण जानना चाहा। तब ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालक को बताया कि उनकी गाड़ी शारदा चौक में नो पार्किंग में पार्क की गई थी। इस वजह से चालान काटा गया है। इस पर वाहन के ड्राइवर ने ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को एक्सक्यूस देने की कोशिश की, तब ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालक को बताया कि उनकी गाड़ी तय समय से ज्यादा समय तक नो पार्किंग में पार्क थी। इस वजह से चालान काटा गया है।

ऐसे काम कर रहा सिस्टम

आईटीएमएस के ऑफिस में शहर के ट्रैफिक पर नजर रखने वाली टीम बैठी हुई थी। टीम सिस्टम में ऐसे वाहन चालक जो नियम की अनदेखी कर वाहन चला रहे थे, उन पर मैनुअल के साथ ऑनलाइन के माध्यम से नजर रख रही थी। इस दौरान शहर के अलग-अलग ऐसे पाइंट जहां आईटीएमएस के कैमरे लगे हैं, वहां से ट्रैफिक की अनदेखी कर वाहन चलाने वालों की जानकारी एनआईसी में लोड करने का काम कर रही थी। एनआईसी वाहन नंबर के आधार पर वाहन चालकों की जानकारी निकालकर उनके मोबाइल पर चालान जनरेट कर पोस्ट कर रही थी।

ई-रिक्शा चालक बोला-गरीब आदमी हूं साहब माफ कर दो

दोपहर में आनंद नगर चौक के पास एक ई-रिक्शा का चालक लापरवाही पूर्वक रांग साइड में वाहन चलाते हुए जा रहा था। इस पर ई-रिक्शा के चालक का ट्रैफिक पुलिस ने दो हजार रुपए का चालान काटा। चालान कटने के आधा घंटे के भीतर ई-रिक्शा का चालक ट्रैफिक थाने पहुंचा और चालान काटे जाने की वजह पूछा। इस पर अफसरों ने ई-रिक्शा के चालक को उसकी गलती बताई। तब उसने अपनी गरीबी का हवाला देते हुए ई-चालान निरस्त करने की मांग करता दिखा।

ड्रंक एंड ड्राइव मामले में थोक में पुलिस ने की कार्रवाई, 21 दबोचे गए

ड्रंक एंड ड्राइव कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ ट्रैफिक थाना के साथ तेलीबांधा, राखी, मंदिर हसौद पुलिस ने रविवार को अभियान चलाकर 21 नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके वाहन जब्त कर कोर्ट में चालान पेश किया। नशेड़ी वाहन चालकों के लाइसेंस निलंबन करने ट्रैफिक पुलिस, परिवहन विभाग के माध्यम से कार्रवाई कराने की बात कही है। एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के निर्देश पर पुलिस ने वीआईपी रोड स्थित श्री राम मंदिर मार्ग के साथ ही फुंडहर चौक, एयरपोर्ट टर्निंग के पास बैरिकेड लगाकर कार के साथ दोपहिया में आने-जाने वाले वाहन चालकों की ब्रीथ एनालाइजर के माध्यम से जांच की। जांच के दौरान 21 वाहन चालक नशे में धुत होकर वाहन चलाते मिले। मौके पर ही नशेड़ी वाहन चालकों के वाहन को पुलिस ने जब्त कर मोटर व्हिकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया।

शंकर नगर चौक पर जल्द शुरू होगा ट्रैफिक सिग्नल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के शंकर नगर एक्सप्रेस वे मार्ग के नीचे यातायात सुव्यवस्थित करने ट्रैफिक सिग्नल जल्द शुरू होगा। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सोमवार को जोन 3 के अंतर्गत शंकर नगर एक्सप्रेस वे मार्ग के नीचे ट्रैफिक सिग्नल को शीघ्र प्रारंभ करवाकर मुख्य चौराहे का यातायात सुव्यवस्थित करने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। आयुक्त ने निगम उपायुक्त डॉक्टर अंजलि शर्मा, जोन 3 जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, जोन 10 जोन कमिश्नर राकेश शर्मा एवं अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में जोन 10 क्षेत्र स्थित पुरैना तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुरैना तालाब में कचरा डालने से रोकने एक्सप्रेस वे पुरैना की ओर से ग्रीन वाल लगवाने निर्देश दिए।

- निगम आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

एमए भूगोल के परिणाम जारी : रायपुर। पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम जारी करने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। एमए भूगोल तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाओं में 208 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 94.23 प्रतिशत अर्थात 196 छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण रहे हैं। एमएससी भूगोल तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 5 छात्रों ने दिलाई थी। इनमें से सभी सफल रहे। इसी तरह एमएससी आईटी तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल 29 में से 28 छात्रों को उत्तीर्ण घोषित किया गया है। एमएससी आईटी के परिणाम 96.55 प्रतिशत रहे हैं।

पेज 11 के शेष...

लहसुन दो साल...

कीमत इतनी जल्दी कम नहीं होती है। कीमत कम होने के बाद कब इसमें मुनाफाखोरी के कारण कीमत में इजाफा कर दिया जाए कहा नहीं जा सकता है। कारोबारी मुनाफाखोरी से बाज नहीं आते हैं।

चेकपोस्ट में वसूली...

आरोप लगाया है। ड्राइवर ने पैसे नहीं देने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। अपर परिवहन आयुक्त के आदेश पर चेकपोस्ट प्रभारी संतोष झा को मुख्यालय अटैच कर उनकी जगह परिवहन निरीक्षक चंद्रकुमार साहू को चेकपोस्ट प्रभारी की नई जिम्मेदारी दी गई है। बताया जा रहा है, एक फरवरी को एक ट्रक ड्राइवर से चेक पोस्ट प्रभारी ने पैसों की मांग की, जिसे ट्रक ड्राइवर ने देने से इनकार कर दिया। इस बात को लेकर दोनों को बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। विवाद के दौरान ड्राइवर के साथ मारपीट की गई। मारपीट की घटना में ड्राइवर के मुंह से खून बहने लगा। इसके बाद ड्राइवर बीच सड़क में आकर शोरगुल करते हुए नारेबाजी करने लगा। ड्राइवर के मुंह से खून निकलते देख अन्य ड्राइवर भड़क गए और चक्का जाम कर चेकपोस्ट के पास नारेबाजी की।

गुमशुदा

गौरव यादव

गौरव यादव पिता महेश यादव (21 वर्ष) ग्राम व पो. दोंदेकला, थाना-विधानसभा, रायपुर (छ.ग.) से 4 जनवरी 2025 से बिना बताए कहीं चला गया है। जो आज तक वापस नहीं लौटा है। कद 5'' फुट, रंग-सांवला है। जिस किसी भी सज्जन को दिखे या कोई जानकारी मिले तो इस नंबर या पते पर सूचित करें।

महेश यादव
मो. 91650-22417, 79995-38563

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राज. परि. नवा अटल नगर रायपुर प्रथम एवं पंचम तल व्यवसायिक परिसर (दक्षिण पूर्व कार्नर) सेक्टर 27 नवा रायपुर, अटल नगर
फोन नः 0771-4016094,
E-mail id: em_zone2@yahoo.com

//आम सूचना//

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा अटल बिहार योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.), में स्वतंत्र भवन कमांक **ई.डब्ल्यु.एस. टाईप 1/81, को श्रीमती मनीषा पाण्डेय पति श्री प्रवीण पाण्डेय,** के नाम से स्वकितीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 21.12.2016 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान **श्रीमती मनीषा पाण्डेय पति श्री प्रवीण पाण्डेय, निवासी- फॉरेस्ट कॉलोनी. बीजापुर (छ.ग.)** के द्वारा उक्त भवन को **श्री जगमोहन कौशले पिता श्री धन सिंह कौशले, निवासी वार्ड नं. 19, मण्डल पारा, बेन्द्री निमोरा, रायपुर (छ.ग.) को विकय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन ओ सी) प्रदाय** करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर में स्वतंत्र भवन **ई.डब्ल्यु.एस. टाईप -1/81** के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर
तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र./202501116400024/अ-6/वर्ष 2024-2025
रायपुर, दिनांक 28/01/2025, ग्राम कांदुल प.ह.नं. 83

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका बदरून निशा पति-स्व. शेख कमरूद्दीन निवासी- के.के. रोड, दरगाह के सामने, मौदहापारा, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम कांदुल प.ह.नं. 83 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नबंर- 110/32 रकबा 0.0510 हे. भूमि आवेदिका के पति शेख कमरूद्दीन पिता-जेनुद्दीन अब्दुल हक एवं सहखातेदार-शेख इकरामुद्दीन पिता-शेख इमामुद्दीन, अब्दुल माजिद पिता-शेख अहमद के नाम पर संयुक्त रूप से राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार आवेदिका के पति-शेख कमरूद्दीन पिता-जेनुद्दीन अब्दुल हक की मृत्यु दिनांक 03.05.2021 को हो गई है, मृत्यु उपरांत उनके विधिक वारिसान में बदरून निशा (आवेदिका/पत्नी) तथा शेख सिराजुद्दीन (पुत्र) एवं परवीन निशा, फिरदौस आफरीन (पुत्रीगण) हैं, इसके अतिरिक्त अन्य कोई वारिसान नहीं हैं। अतः प्रश्नाधीन भूमि को वारिसान हक में मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर आवेदकगण का नाम दर्ज किए जाने तथा शेष सहखातेदार का नाम यथावत दर्ज रखे जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 18/02/2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 28/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर

प्रमाण पत्र

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार गीतेश्वर कुमार सेन पिता स्व. श्री चिन्ता राम सेन निवासी- ग्राम नायकबांधा तहसील अभनपुर रायपुर छ.ग. के द्वारा भूमिस्वामी जगतारण मान्डले पिता स्व. पुरन दास मान्डले, निवासी ग्राम नायकबांधा, तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम नायकबांधा पं.ह.नं. 26, रा.नि.मं. अभनपुर तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 931/3 का भाग रकबा 0.11 हे. भूमि को खरीदने का पक्का सौदा तय कर लिये है तथा विक्रय पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, बैंक, साहूकार महाजन, या शासकीय अथवा अर्धशासकीय कार्यालय को किसी भी प्रकार से कोई उजर आपत्ति या दावा हो तो मेरे नीचे लिखे कार्यालय पते पर सूचना प्रकाशन के दस दिवस के भीतर खुद अथवा अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता/ अभिभाषक के माध्यम से सुसंगत दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर पावती ले लेवें अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त समय व्यतित होने के पश्चात उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन खुद अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के नाम पर पंजीयन करा लिया जायेगा तथा बाद में किया गया दावा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा। एवं सदभावक क्रेता माना जावेंगा।

स्थान अभनपुर दिनांक 29/01/2025

भवदीय
नागेन्द्र कुमार सिन्हा (अधिवक्ता)
अभनपुर, मो.नं. 9893906809

खबर संक्षेप

7 को प्रदर्शित होगी फिल्म झिटकू-मिटकी की कहानी

रायपुर। बस्तर की सच्ची घटना पर आधारित फिल्म झिटकू-मिटकी की कहानी 7 फरवरी को प्रदेश के सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। इस फिल्म में बस्तर की 300 साल पुरानी परंपरा और प्रथाओं को दर्शाया गया है। फिल्म के निर्देशक राजा खान ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फिल्म का ट्रेलर 20 दिसंबर 2024 को विभिन्न सिनेमाघरों और डिजिटल प्लेटफार्म पर जारी किया गया। फिल्म की कहानी तैयार करने में उन्हें 2 साल से अधिक का समय लगा। फिल्म निर्माण से पहले उनकी टीम ने बस्तर के आदिवासी समुदाय के इतिहास, रीति-रिवाजों और सामाजिक संरचना पर शोध किया। पत्रकारों से चर्चा में राजा खान ने बताया कि फिल्म में झिटकू का किरदार लालजी कोर्राम और मिटकी का किरदार मुंबई की जानी मानी एक्ट्रेस लवली अहमद ने निभाया है। फिल्म का उद्देश्य महज मनोरंजन ही नहीं, बल्कि प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को उजागर करना है।

राज्य प्रशासनिक सेवा के 11 अफसर बने आईएएस

रायपुर। राज्य प्रशासनिक सेवा के 11 अधिकारियों को आईएएस प्रमोट किया गया है। पिछले माह हुई डीपीसी के बाद केंद्रीय डीओपीटी ने इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी किया है। डीओपीटी ने वर्ष 2021, 2022 और 2023 की रिक्तियों के आधार पर राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों का प्रमोशन किया है। आईएएस पदोन्नत होने वाले अधिकारियों में हीना अनिमेश नेताम, अश्विनी देवांगन, डॉ रेनुका श्रीवास्तव, आशुतोष पांडेय, अजय कुमार अग्रवाल, रीता यादव, लोकेश कुमार, प्रकाश कुमार सार्वा, गजेंद्र सिंह ठाकुर, तनुजा सलाम और डॉ. संतोष कुमार देवांगन शामिल हैं। राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों को चार साल बाद आईएएस अवार्ड हुआ है। इसके साथ ही राज्य को 11 आईएएस अफसर उपलब्ध हो गए हैं।

इन नामों पर फैसला लंबित

वहीं जेल में बंद सौम्या चौरसिया, आरती वासनिक और तीर्थराज अग्रवाल का नाम लिफाफे में बंद रहेंगे। इसी प्रकार लीना कोर्राम, सौमिल चौबे और बीबी पंचभाई के प्रमोशन को लंबित रखा गया है।

पवार क्षत्रिय समाज ने मनाई राजा भोज जयंती स्नेह सम्मेलन भी

रायपुर। पवार क्षत्रिय समाज गुढ़ियारी द्वारा सोमवार को राजा भोज की जयंती मनाई गई। साथ ही वार्षिक स्नेह सम्मेलन का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर समाज द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में सामाजिक महिलाएं और पुरुषों ने भाग लिया। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष धनेश बिसेन ने बताया कि कार्यक्रम में पधारे विभिन्न क्षेत्रों के पवार संगठनों के अतिथियों ने समाज के रीति-रिवाज, परंपरा, अंतर्जातीय विवाह, प्री-वेडिंग एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर गोष्ठी कर मार्गदर्शन दिया।

बीच सड़क पर बर्थडे का हुड़दंग, हरिभूमि की खबर पर हाईकोर्ट का संज्ञान, सीएस से मांगा शपथ पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

डीडीनगर थाना क्षेत्र के रायपुरा अंडर ब्रिज के नीचे पिछले महीने लड़कों द्वारा सड़क जाम कर बर्थडे सेलिब्रेट कर हुड़दंग करते हुए आतिशबाजी करने की घटना पर हाईकोर्ट ने नाराजगी व्यक्त करते हुए स्वतः संज्ञान लिया है। इस मामले में हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव से शपथ पत्र जमा कर हुड़दंगियों के खिलाफ की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी मांगी है। इस संबंध में हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित की थी। हरिभूमि की खबर का हवाला देते हुए कोर्ट ने सीएस से शपथ पत्र मांगा है। रायपुरा चौक अंडर ब्रिज के नीचे बीच सड़क पर कार रोक लड़कों द्वारा अपने एक साथी का बर्थडे सेलिब्रेशन करने के साथ हुड़दंग करने और आतिशबाजी करने का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो की पुष्टि करने हरिभूमि ने डीडीनगर टीआई से संपर्क किया। डीडीनगर टीआई ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया था कि बर्थडे सेलिब्रेट करने वाले लड़के नाबालिग हैं। इस वजह से उनके परिजनों को थाने बुलाकर समझाइश देने के साथ मोटर व्हिकल एक्ट के तहत कार्रवाई करने की जानकारी दी थी। लड़कों द्वारा सड़क जाम कर बर्थडे सेलिब्रेट करने की घटना 28-29 जनवरी की दरमियानी रात की है।

पिछले महीने डीडीनगर थाना क्षेत्र में 28-29 दरमियानी रात की घटना

- लड़कों ने रायपुरा अंडर ब्रिज के पास ट्रैफिक रोक हुंड़दंग करते हुए बर्थडे सेलिब्रेट करने के साथ आतिशबाजी की थी

रोकने वालों के साथ बदसलूकी

लड़के बीच सड़क में बर्थडे सेलिब्रेशन की आड़ में आतिशबाजी करने के साथ हुड़दंग कर रहे थे। इस दौरान कुछ लोगों ने लड़कों को हुड़दंग करने से रोकने के साथ आतिशबाजी करने से मना किया। इस पर लड़कों द्वारा लोगों के साथ बदसलूकी करने की भी बात सामने आई है। इस दौरान एक व्यक्ति ने लड़कों की करतूत का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया।

ये कैसी उद्दंडता, बीच सड़क पर गाड़ियां जाम कर काटा बर्थ-डे केक!

बीच सड़क पर इस तरह के आयोजन का ट्रेंड बन गया है : व्यस्त मार्ग को बाधित कर बर्थडे सेलिब्रेट करने के साथ बर्थडे की आड़ में चाकू, तलवार तथा अन्य घातक हथियार से केक काटना एक ट्रेंड बन गया है। ज्यादातर लोग अपना रसूख साबित करने इस तरह के कृत्य करते हैं। इसके चलते विवाद होने के साथ गंभीर स्थिति निर्मित होने की आशंका बनी रहती है।

आधा घंटे से ज्यादा समय तक लगा रहा जाम

बर्थडे सेलिब्रेट करने की आड़ में सड़क जाम करने वाले लड़के आधा घंटे से ज्यादा समय तक सड़क जाम कर दिया था। जिस मार्ग में लड़के बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे थे, वह मार्ग मुंबई-हावड़ा मार्ग से जुड़े हाईवे की रिंग रोड है। ऐसे में रिंग रोड में ट्रकों के साथ अन्य तरह के वाहनों की लंबी कतारें लग गई थीं।

विश्व कैंसर दिवस आज
आंबेडकर अस्पताल में पांच दिन का स्क्रीनिंग अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मंगलवार को मनाए जाने वाले विश्व कैंसर दिवस के मौके पर आंबेडकर अस्पताल में 4 से 8 फरवरी तक स्क्रीनिंग की जाएगी। खासकर ओपीडी में आने वाले मरीजों के कैंसर के लक्षण के बारे में पहचान का प्रयास किया जाएगा। इसके साथ ही मरीजों को इस बीमारी के बारे में जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा।

विश्व कैंसर दिवस प्रत्येक वर्ष 4 फरवरी को मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम यूनाइटेड बाय यूनिक है, जो जन—केन्द्रित कैंसर देखभाल पर केन्द्रित है। यूनियन फॉर इंटरनेशनल कैंसर कंट्रोल द्वारा शुरू किये गये इस अभियान का उद्देश्य कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाना, इसकी रोकथाम को प्रोत्साहित करना और वैश्विक कैंसर महामारी से निपटने के लिए कार्यवाही करना है। इस अवसर पर शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर से संबंधित आंबेडकर अस्पताल के क्षेत्रीय कैंसर संस्थान में चार से आठ फरवरी तक स्क्रीनिंग अभियान के तहत कैंसर के लक्षणों के साथ आने वाले मरीजों की ओपीडी में प्राथमिकता से जांच की जाएगी। क्षेत्रीय कैंसर संस्थान के कर्मचारियों की तरफ से कैंसर मरीजों के लिए मॉडल ब्लड बैंक में रक्तदान किया जाएगा। कैंसर के लक्षण पहचानने और नियमित इलाज के लिए प्रेरित करने हेतु रेडियोथेरेपी विभाग के डॉक्टर, नर्सिंग एवं फिजियोथेरेपी कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक किया जाएगा। सुबह सात बजे क्षेत्रीय कैंसर संस्थान से ऑक्सीजोन तक रैली निकाली जाएगी।

- ब्लड बैंक में रक्तदान, नुक्कड़ नाटक, रैली भी

रीएजेंट और उपकरणों की सप्लाई से संबंधित कागजों पर हो रही पूछताछ
स्वास्थ्य संचालनालय तक पहुंची ईओडब्लू की जांच, अफसर तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

रीएजेंट घोटाला, कमलकांत पाटनवार, बसंत कौशिक, झिरोंद्र रावटिया से हुई पूछताछ
ईओडब्लू ने अफसरों से पूछा- बिना पड़ताल कैसे दी रीएजेंट, उपकरण खरीदी की सहमति
ईओडब्लू की एफआईआर, हरिभूमि ने किया था उसका खुलासा सिलसिलेवार

रीएजेंट और उपकरणों की सप्लाई में हुए कथित घोटाले में ईओडब्लू की जांच सीजीएमएससी से निकलकर स्वास्थ्य संचालनालय तक पहुंच गई है। खरीदी से जुड़े कुछ अफसरों को पूछताछ के लिए तलब किया गया है। जांच टीम रीएजेंट और उपकरणों की सप्लाई के लिए निर्धारित नियम के पालन के संबंध में उनसे पूछताछ कर रही है। मामले में गिरफ्तार मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी शशांक चोपड़ा को रिमांड के अंतिम दिन मंगलवार को पुनः न्यायालय में पेश किया जाएगा।

इस घोटाले में दवा कार्पोरेशन में बैठे अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य संचालनालय से जुड़े अधिकारियों और चिकित्सकों की भी बराबर की हिस्सेदारी है। कई सौ गुना दाम पर उपकरणों की खरीदी और बेकार रीएजेंट की सप्लाई के लिए डिमांड तैयार करने की जिम्मेदारी संचालनालय के अफसरों की थी। सिस्टम के अनुसार कोई संस्था अपनी जरूरतों के हिसाब से डिमांड ऑनलाइन मॉडल डीपीडीएमआईएस में दर्ज करती है। इस जानकारी के अध्ययन की जिम्मेदारी विशेषज्ञों की कमेटी की होती है और इस आधार पर डिमांड तैयार किया जाता है। रीएजेंट के लिए यहां मॉडल नहीं था, मगर संचालनालय के अफसरों ने आवश्यकता का कोई अध्ययन किए बिना ही खरीदी का इंडेडट दिया था। इस लापरवाही के मामले में मिली शिकायत के आधार पर उपसंचालक स्तर से लेकर अन्य अधिकारियों से पूछताछ किए जाने की खबर है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन से प्रतिनियुक्ति पर दवा कार्पोरेशन में आकर घोटाले को अंजाम देने के आरोप में घिरे अफसरों से पहले ही पूछताछ की जा चुकी है। इस मामले में आने वाले दिनों में और गिरफ्तारी किए जाने की संभावना बनी हुई है। प्रकरण में 28 जनवरी को छापेमारी के 29 जनवरी को ईओडब्लू ने मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी शशांक चोपड़ा को गिरफ्तार कर लिया था। उसे न्यायालय में पेशकर सात दिन रिमांड पर लिया गया था। अंतिम दिन मंगलवार को उसे पुनः न्यायालय में पेश किया जाएगा। मोक्षित कार्पोरेशन के संचालक पर इस घोटाले का सूत्रधार होने का आरोप है।

- रिमांड का अंतिम दिन, मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी अदालत में पेश होंगे आज

ज्यादा दाम में खरीदी की आदत

सीजीएमएससी में कमीशन का बोलबाला होने की शिकायत काफी पुरानी है। वर्ष 2022 से 2024 तक मोक्षित के साथ अन्य कंपनियों से खरीदे गए 36 तरह के उपकरणों की खरीदी खुले बाजार से अधिक दामों में की गई थी। सोशल एक्टिविस्ट देवेन्द्र गुप्ता ने सूची का खुलासा करते हुए आरोप लगाया है जो रेफ्रिजरेटर 57 से 58 हजार में मिलता है, उसे दो से तीन गुना अधिक दामों में खरीदा गया है। इस तरह अन्य उपकरणों की कीमत भी काफी ऊंची लगाई गई है।

प्रशासकीय अनुमोदन भी नहीं

आरोप है कि करोड़ों की इस डील को पूरा करने के पहले तात्कालीक संचालक स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा ना बजट उपलब्धता सुनिश्चित की गई और ना इसकी प्रशासकीय स्वीकृति लेने की जरूरत समझी गई। इससे शासन को सीधा करोड़ों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा। मामले में दवा कार्पोरेशन ने भी इतनी सक्रियता दिखाई की खरीदी के लिए पूरा क्रय आदेश एक ही बार में जारी किया गया। सप्लायर कंपनी ने भी उतनी ही रफ्तार से रीएजेंट और अन्य उपकरण दवा निगम के वेयर हाउस और वहां से स्वास्थ्य केंद्रों भी भिजवा दिया।

पेंशनर्स ईएनसी आफिस का आज करेंगे घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के पेंशनर्स 4 मार्च को नवा रायपुर में जल संसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता कार्यालय का घेराव करेंगे। जलसंसाधन विभाग में 31 दिसम्बर 1988 के पूर्व नियुक्त तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के सेवानिवृत्त दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के लंबित प्रकरणों का निराकरण को लेकर घेराव कर जंगी प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है।

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव की अध्यक्षता में रविवार को बैठक हुई। इसमें जल संसाधन विभाग द्वारा लंबित मांगों के निराकरण पर कार्यवाही नहीं होने पर नाराजगी जताई गई। जलसंसाधन विभाग द्वारा मामले को लेकर शासन द्वारा गठित कमेटी के निर्देश और उच्च न्यायालय के निर्णय को अनदेखा का मुद्दा भी उठाया गया। विदित हो, पेंशनर्स महासंघ द्वारा अपनी मांगों पर लगातार विभाग का ध्यान आकर्षित कर दैनिक वेतन भोगी रिटायर कर्मचारियों की लंबित मांगों को निराकृत की मांग करते आ रहे हैं । इसके बाद भी संबंधित विभाग की ओर से लंबित मांगों के निराकरण पर कार्यवाही नहीं करने से प्रदेश के सेवानिवृत्त दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है।

- लंबित मांगों के निराकरण पर कार्यवाही नहीं
- जल संसाधन विभाग द्वारा गठित कमेटी के निर्देशों की अनदेखी

घेराव में शामिल होने का किया आह्वान

प्रदेश कार्यालय रायपुर में आयोजित बैठक को पेंशनर्स महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने संबोधित करते हुए दैनिक वेतनभोगी पेंशनरों के समर्थन में घेराव कार्यक्रम में शामिल होकर आंदोलन को सफल बनाने का आव्हान किया। बैठक में कार्यकारी प्रांताध्यक्ष जेपी मिश्रा, प्रदेश महामंत्री अनिल गोलहानी, आरजी बोहरे, बीएस दशमेर, बीएल यादव, नरसिंग राम, टीएन अवसरिया, अनिल पाठक तथा नागेन्द्र सिंह ने विचार व्यक्त किए।

बजट के बाद सोना पहली बार रायपुर में 86 हजारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोने की कीमत नए साल में भी लगातार आसमान पर जा रही है। बजट के बाद अब सोमवार को बाजार खुला तो 24 कैरेट सोने के दस ग्राम की कीमत जीएसटी के साथ 86 हजार रुपए हो गई। पहले दिन में कीमत 85900 रुपए पहुंची इसके बाद शाम तक कीमत 86 हजार चली गई। इसी के साथ राजधानी रायपुर में कीमत ने नया रिकॉर्ड भी बना दिया है। नए साल में अब तक कीमत में 74 सौ रुपए का इजाफा हो चुका है। सोने और चांदी को हमेशा से ही निवेश के मामले में खरा माना जाता है। बीते साल तो निवेश के मामले में इसने रिकॉर्ड भी बना दिया। पहली बार सोने में जहां 20 फीसदी का रिटर्न मिला है, वहीं चांदी मे 17 फीसदी रिटर्न मिला है। यहीवजह है कि बीते साल छत्तीसगढ़ में आठ हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश हुआ है। प्रदेश में सोने-चांदी का रोज का करीब 50 करोड़ का कारोबार होता है, इसमें 50 फीसदी निवेशकों का रहता है। सोने की कीमत इस बीते साल रिकॉर्ड 82 हजार के पार भी गई और चांदी के दाम भी एक लाख के पार गए।

- नए साल में अब तक कीमत में 74 सौ का इजाफा

नए साल में कीमत 74 सौ बढ़ी

नए साल के पहले बीते 31 दिसंबर को सोने की कीमत 78600 रुपए थी। नए साल में पहले ही दिन से सोने की कीमत में इजाफा होना प्रारंभ हुआ। एक जनवरी को कीमत 79 हजार रही। सात जनवरी को कीमत 80 हजार पहुंची। इसके बाद एक सप्ताह में कीमत 81 हजार के पार हो गई। फिर एक सप्ताह के बाद कीमत 82 हजारी हुई और अंतिम सप्ताह में पहले कीमत 83 हजारी हुई और फिर माह के अंतिम दिन 31 जनवरी को कीमत 84150 रही। एक फरवरी को केंद्रीय बजट वाले दिन सुबह को सोने की कीमत 84800 थी, जो शाम को बजट के बाद 85050 रुपए हो गई। रविवार को बाजार बंद रहने के बाद अब सोमवार को बाजार खुला तो शाम को कीमत 86 हजार पहुंच गई। नए साल में अब तक कीमत 74 सौ रुपए बढ़ चुकी है।

विधानसभा-लोकसभा चुनाव में वोट दिया, अब निगम चुनाव की मतदाता सूची से नाम गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

विधानसभा फिर लोकसभा चुनाव में वोट करने वाले जीवित मतदाता का नाम नगर निगम चुनाव की मतदाता सूची से ही गायब कर दिया गया है। इसके बाद से मतदाता अपना नाम वापस मतदाता सूची में शामिल करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

इसके लिए वह जिला प्रशासन स्थित निर्वाचन कार्यालय भी पहुंचा था, लेकिन उसे यह कहकर लौटा दिया गया कि मतदाता की फाइनल सूची जारी हो चुकी है और उसी आधार पर चुनाव होंगे, इसलिए नाम जुड़ना अब मुश्किल है। इधर मतदाता को यह भी पता नहीं चल पाया है कि आखिर उसका नाम मतदाता सूची से हटा कैसे। राजधानी रायपुर के आमापारा क्षेत्र में घासीदास काम्पलेक्स के पीछे खपरा भट्टी का रहने वाला संतोष साहू चार दिन पूर्व कलेक्टोरेट स्थित निर्वाचन कार्यालय पहुंचा था। यहां पहुंचने पर उसने कार्यालय कर्मचारियों को बताया कि उसका नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया है, जबकि इससे पूर्व विधानसभा और लोकसभा चुनाव की मतदाता सूची में उसका नाम था। दोनों चुनाव में उसने वोट भी किया है।

नगरीय निकाय चुनाव का दिन नजदीक आने पर उसने जब ऑनलाइन वेबसाइट में मतदाता सूची में अपना नाम चेक किया, तो नहीं मिला। इसके बाद ऑफलाइन मतदाता की सूची में भी उसका नाम नहीं मिला। सूची से नाम गायब होने पर वह इसकी शिकायत लेकर स्थानीय निर्वाचन कार्यालय पहुंचा, लेकिन यहां भी उसकी समस्या का निराकरण नहीं हो पाया। थक हारकर वह लौट गया।

खपरीभट्टी मोहल्ले में कई स्थानीय निवासियों के हटे नाम

संतोष साहू ने बताया कि उसके अलावा खपरीभट्टी में रहने वाले अन्य कई लोगों के भी नाम मतदाता सूची से गायब हो गए हैं। संतोष ने बताया कि उसके दो-तीन मित्र जो अब दूसरे वार्ड में जाकर रह रहे हैं, उनके नाम भी मतदाता सूची से हट गए हैं, जबकि उनके द्वारा मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए कोई आवेदन नहीं किए हैं। इधर संतोष के बताए अनुसार हरिभूमि की टीम खपरा भट्टी भी पहुंची थी, जहां कई स्थानीय निवासियों से पूछताछ की तो पता चला कि उन सभी के नाम मतदाता सूची में शामिल है, लेकिन उन्होंने यह जरूर बताया कि कई लोग मोहल्ला छोड़कर दूसरे वार्ड में शिफ्ट हो चुके हैं। उन लोगों ने यह भी बताया कि संतोष साहू भी पहले उनके मोहल्ले में रहता था, जो दूसरे वार्ड में रहने चला गया है। लोगों ने संभावना जताई कि जो लोग मोहल्ले छोड़कर जा चुके है उनके नाम मतदाता सूची से हटे होंगे। हालांकि इसकी अधिकृत जानकारी वे लोग ही दे पाएंगे।

पुराना पेंशनबाड़ा और बैरन बाजार के सरकारी मकानों पर चलेगा बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन ने शांति नगर सिंचाई कालोनी के शासकीय आवासों को डिसमेंटल करने के निर्णय के बाद अब पुराना पेंशन बाड़ा और बैरन बाजार में बने 130 शासकीय आवासों के जर्जर होने के कारण डिसमेंटल करने की अनुमति प्रदान कर दी है। जिला कलेक्टर और कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा यह प्रस्ताव शासन को दिया गया था। इन शासकीय आवासों के डिसमेंटल के बाद इस जमीन का क्या उपयोग किया जाएगा, अभी तय नहीं है।

बताया गया है कि कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग एवं कलेक्टर, रायपुर द्वारा पुराना पेंशन बाड़ा एवं बैरन बाजार, रायपुर स्थित शासकीय आवास गृह कुल 130 आवास को अत्यंत जर्जर हो जाने के कारण डिसमेंटल करने की अनुमति के लिए संपदा विभाग को प्रस्ताव दिया गया था। प्रस्ताव पर सामान्य प्रशासन विभाग ने जनवरी में ही अनुमति दे दी है। अभी इन आवासों में कई शासकीय कर्मचारी निवासरत हैं। शासन की अनुमति मिलने के बाद इन आवासों को खाली कराने के बाद डिसमेंटल कराने की प्रक्रिया शुरू होगी। शासन द्वारा वित्तीय अधिकार पुस्तिका में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए पुराना पेंशन बाड़ा एवं बैरन बाजार, स्थित शासकीय आवास गृहों को डिसमेंटल करने की अनुमति प्रदान करता है।

- कलेक्टर और लोक निर्माण विभाग के प्रस्ताव डिसमेंटल घोषित

यहां इस श्रेणी के इतने आवास

पुराने पेंशनबाड़ा और बैरनबाजार में डी-टाईप 39, जी श्रेणी और सी-टाईप के 15, एफ-टाइप के 11, जी टाइप के 8, बी टाईप के 2, एफ श्रेणी एच टाइप के 13 , ए-टाइप 2, एफ टाइप के 4 एवं आई टाइप के 36 शासकीय आवास यहां पर निर्मित हैं।

वीआईपी सुरक्षा वाहिनी माना में प्लाटून कमांडर को दी विदाई

रायपुर। वीआईपी सुरक्षा वाहिनी माना रायपुर में पदस्थ प्लाटून कमांडर वेदप्रकाश मिश्रा पुलिस विभाग में अधिवाषिर्की आयु पूर्ण कर 31 जनवरी को सेवानिवृत हो गए। सेवानिवृत के अवसर पर वीआईपी सुरक्षा वाहिनी माना में सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि वीआईपी सुरक्षा वाहिनी के वरिष्ठ सेनानी राजेश अग्रवाल, भारतीय पुलिस सेवा एवं वाहिनी के सहायक सेनानी सहित समस्त कार्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। वरिष्ठ सेनानी श्री अग्रवाल ने श्री मिश्रा के अनुशासित तरीके से 40 वर्ष की सेवा पुलिस विभाग में पूर्ण करने पर उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही ग्रेच्यूटी एवं पेंशन संबंधी दस्तावेजों के साथ सेवा प्रमाणपत्र एवं शॉल, श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह भेंट किया। श्री मिश्रा आरक्षक पद पर भर्ती हुए थे तथा वे अपने सेवाकाल में बस्तर के नक्सली क्षेत्र सहित असम, दिल्ली, त्रिपुरा आदि में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

हरिभूमि पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

सूरजपुर से रायपुर आकर नाबालिग जोड़े का विवाह कराने का प्रयास जिला प्रशासन ने रुकवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बलरामपुर जिले के सूरजपुर के दो परिवार अपने नाबालिग बच्चों का विवाह रायपुर लाकर करा रहे थे। इसकी जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर न केवल बाल विवाह रुकवाया, बल्कि दोनों परिवार को समझाइश देकर उन्हें वापस भेजा। इस दौरान दोनों परिवार को चेतावनी भी दी गई कि इसके बाद अगर बाल विवाह कराते हैं, तो उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

महिला एवं बाल विकास विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बलरामपुर के सूरजपुर में रहने वाला मुस्लिम समाज के दो परिवार अपने नाबालिक लड़के और लड़की की शादी करने की जिद में अड़े हुए थे। बताया जा रहा है कि दोनों परिवार ने पहले बलरामपुर में ही उनका विवाह कराना चाहा, लेकिन जब इसकी जानकारी पुलिस तक पहुंच गई, तो दोनों परिवार ने रायपुर में उनका विवाह कराने की तैयारी की। इसके लिए रायपुर के मोतीबाग स्थित एक मुस्लिम भवन को विवाह के लिए बुकिंग भी कराया गया था।

बिजनेस साइट
ऑटो एक्सपो में वाहनों की खरीदारी के साथ मनोरंजन और आकर्षक ऑफर्स का आनंद

रायपुर। साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित ऑटो एक्सपो के 18 दिन पूरे हो चुके हैं और वाहन खरीदने वालों का उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। हर वर्ग के लोग अपनी जरूरत के वाहनों को देखने के लिए पहुंच रहे हैं और यहां मिलने वाले आकर्षक डिस्काउंट्स का फायदा उठा रहे हैं। एक्सपो में फोर व्हीलर्स पर लगभग 10 फीसदी, टू व्हीलर्स पर 8 फीसदी और कमर्शियल वाहनों पर 10 फीसदी तक की छूट मिल रही है। इसके अलावा आसान फाइनेंस सुविधा भी दी जा रही है, जिससे ग्राहकों को खरीदारी में कोई परेशानी नहीं हो रही। सोमवार को भी यहां भारी संख्या में विजिटर्स पहुंचे और उन्होंने आयोजनों का पूरा आनंद लिया। सोमवार को एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें वाहन और अन्य विषयों से जुड़े सवाल पूछे गए। इस एक्सपो में एक बबल आर्टिस्ट का गेम शो भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

हरिभूमि
रायपुर, मंगलवार 4 फरवरी 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02
पंडित ने पढ़े मंत्र, बच्चों ने लिखना...

एजूकेशन अपडेट

सीएसआईआर यूजीसी नेट पेपर 28 से, दो पालियों में होगी परीक्षा

रायपुर। सीएसआईआर यूजीसी नेट दिसंबर 2024 की परीक्षाएं 28 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा मैथेमैटिकल साइंसेस, अर्थ-एटमोस्फेयरिक-ओसियन एंड प्लेनेटरी साइंसेस, केमिकल साइंसेस, लाइफ साइंसेस और फिजिकल साइंसेस विषय के लिए होगी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए की ओर से सीबीटी मोड में परीक्षा आयोजित की जाएगी। सीएसआईआर यूजीसी नेट तीन केटेगरी के लिए होगी। इसमें असिस्टेंट प्रोफेसर पात्रता, जूनियर रिसर्च फेलोशिप के साथ यूनिवर्सिटी के पीएचडी प्रोग्राम में भी एडमिशन भी शामिल है। शेड्यूल के अनुसार मैथेमैटिकल साइंसेस व अर्थ-एटमोस्फेयरिक-ओसियन एंड प्लेनेटरी साइंसेस और केमिकल साइंसेस की परीक्षा 28 फरवरी को होगी। लाइफ साइंसेस की परीक्षा 1 मार्च और फिजिकल साइंसेस का पेपर 2 मार्च को होगा। दो पालियों में पेपर होगा।

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये
UGC - NET

नवा रायपुर के केंद्रीय विद्यालय में 80 सीटों पर होगा एडमिशन

नया रायपुर स्थित केंद्रीय विद्यालय के क्लास-1 में इस बार 80 सीटों में एडमिशन होंगे। 40 सीटें बढ़ी हैं। केंद्रीय विद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया 15 फरवरी के बाद शुरू होने की संभावना है। पिछली बार मार्च के पहले सप्ताह में आवेदन मंगाए गए थे। राजधानी में तीन समेत प्रदेश में 37 सेंट्रल स्कूल हैं। इसमें क्लास-1 में एडमिशन होंगे। पिछले साल कुछ स्कूलों में बाल वाटिका-3 की भी शुरुआत हुई है। डीडीनगर रायपुर के केंद्रीय विद्यालय में बाल वाटिका 3 भी है। इसी तरह डब्ल्यूआरएस कॉलोनी स्थित सेंट्रल स्कूल में कक्षा पहली में 380 सीटें हैं। यहां दो शिफ्ट में कक्षाएं लगती हैं।

लाइव इवेंट

भारत फॉर्मूला 25 प्रतियोगिता में 10 वें स्थान पर एनआईटी के छात्र

रायपुर। कारी मोटर स्पीड-वे कोयम्बटूर तमिलनाडु में आयोजित फार्मूला भारत प्रतियोगिता में संस्थान की मोटोस्पोर्ट्स क्लब की टीम ने संस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतियोगिता में भाग लिया। 22 से 27 जनवरी तक आयोजित इस कार्यक्रम में 28 टीमों ने भाग लिया। मोटोस्पोर्ट्स टीम कम्बशन केटेगरी के इंजीनियरिंग डिजाइन प्रेजेंटेशन में नेशनल फाइनलिस्ट रही। साथ ही बिजनेस प्लानिंग प्रेजेंटेशन में 10वां रैंक और कॉस्ट रिपोर्ट में 7वां स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देश के विभिन्न संस्थानों के छात्रों ने भाग लिया। जिसमें उन्होंने अपनी खुद की डिजाइन की गई फॉर्मूला स्टाइल रेस कारों का प्रदर्शन किया।

मशीनी बदलाव के साथ तकनीकी बदलाव

टीम यूनाइटेड रेसिंग ने इस बार वाहन में काफी बदलाव किए हैं। वाहन की लंबाई और चौड़ाई को काफी कम किया गया है, ताकि वाहन ज्यादा कॉम्पैक्ट बन सके। साथ ही ऑटोक्रॉस इवेंट के लिए जरूरी इसकी मोड़ने की क्षमता को भी बढ़ाया गया है। इसका निर्माण संस्थान में ही किया गया है, ताकि किसी भी तरह के अनावश्यक खर्च से बचा जा सके। प्रतियोगिता में जाने से पहले आखिरी परीक्षण के दौरान एनआईटी रायपुर के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव, डीन अकादमिक डॉ. श्रीश वर्मा, खनन इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर डॉ. मनोज प्रधान, टीम यूनाइटेड रेसिंग के संकाय प्रभारी डॉ. संजीव कुमार, एनआईटीआरआरएफआईई के सीईओ डॉ. अनुज कुमार शुक्ला मौजूद रहे।

सिटी इवेंट

फेयरवेल में स्टूडेंटस हुए भावुक, कहा यादगार दिन, हमेशा स्कूल से जुड़े रहेंगे

रायपुर। बसंत पंचमी के अवसर पर होली हार्ट्स विद्यालय में फेयरवेल का आयोजन किया गया। एक ओर भजन मंडली द्वारा मां सरस्वती के भजन की शानदार प्रस्तुति वहीं दूसरी ओर पारंपरिक वेशभूषा में स्कूल के विद्यार्थी हाथ में पुष्प, फल, मिठाई, माता सरस्वती को अर्पित कर रहे थे। मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न हुई, तत्पश्चात बच्चों को प्रसाद वितरित किया गया। चेयरमैन आचार्य सुरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा, अप्रैल में जब हम तुम्हें नहीं देखेंगे तो बहुत दुख होगा। हमारे सपने तुम अपने आंखों से देखोगे, हमारे सपने हैं जीवन में शिखर पर चढ़ो, ऐसा व्यक्तित्व बनो कि चर्चा में रहो। यह सुनते ही सभी स्टूडेंट्स भावुक हो गए।

सीनियर्स ने साझा किए अनुभव

सीनियर्स ने अपने अनुभव साझा किए। तोहफा देकर स्कूल के आया दीदी एवं गॉर्ड भैया का सम्मान किया। इसी अवसर पर जूनियर्स ने अपने सीनियर्स को टाइटल दिया, जिसमें मिस फेयरवेल श्रीजा सेठ व मिस्टर फेयरवेल मुर्तजा हुसैन, वहीं मिस्टर होली हार्टियंस रनक राज मेहता एवं मिस होली हार्टियंस तनिष्का कुकरेजा रहीं। इस अवसर पर एकेडमिक डायरेक्टर कल्पना तिवारी, प्रिंसिपल नीपा चौहान, हेड मिस्ट्रेस शालिनी अग्रवाल, वाइस प्रिंसिपल सुनीता टंडन, कमल किशोर उपस्थित रहीं।

● वैलेंटाइन डे पर पिछले साल की तुलना में इस बार बढ़े विदेश जाने वाले

वैलेंटाइन डे सेलिब्रेट करने लक्षद्वीप की बुकिंग अधिक कपल फ्री वीजा देश को दे रहे पहली प्राथमिकता

वैलेंटाइन डे की शुरुआत में अब केवल 5 दिन शेष बचे हैं। युवाओं ने इस दिन को खास बनाने के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। वैलेंटाइन डे सेलिब्रेट करने कपल्स की पहली पसंद लक्षद्वीप, बाली, थाईलैंड बना हुआ है। शहर के ज्यादातर लोगों ने इन जगहों को चुना है। ट्रैवल कंपनी के मुताबिक, पिछले साल की तुलना में इस बार वैलेंटाइन डे पर विदेश जाने वाले कपल्स बढ़े हैं।

विदेश में समुद्री और पहाड़ी क्षेत्र भ्रमण में दिलचस्पी

वैलेंटाइन डे के नजदीक आते ही ट्रैवल कंपनी को हर दिन 40 से अधिक कॉल आ रहे हैं। ट्रैवल कंपनी के मो. रजा ने बताया कि कपल्स वैलेंटाइन डे पर समुद्री जगह जाना चाहते हैं। ज्यादातर की पहली पसंद पहाड़ी क्षेत्र बना हुआ है। विदेश जाने भारतीयों को 62 देशों में वीजा फ्री एंट्री है, जिसमें दर्जनभर देशों में कंपनी ने टूर पैकेज बनाया है। मॉरीशस, ओमान और टोगो और सोमालिया व श्रीलंका देश को इस बार शामिल किया है। यहां जाने वाले पर्यटक फिलहाल कम हैं, लेकिन समुद्र और पहाड़ों पर ट्रैवल करने के शौकीन लगातार इस जगह की जानकारी ले रहे हैं।

रायपुर। कई लोग एक से दो महीने पहले ही ट्रेन व फ्लाइट की बुकिंग करा चुके हैं। कंपनियां वैलेंटाइन डे पर सात दिनों का विदेश टूर पैकेज ऑफर दे रही हैं, जिससे शहर के बड़ी संख्या में लोग जुड़ रहे हैं। देश के भीतर उत्तराखंड में नैनीताल, शिमला, मनाली और गोवा, श्रीनगर समेत जयपुर और गुजरात के लिए बुकिंग कराई गई है। 40 हजार से 5 लाख तक सिंगापुर, दुंबई, अंडमान, थाईलैंड, बैंकॉक को लेकर लोगों ने ट्रेवल कंपनी से बुकिंग कराई है। यह पैकेज 5 रात और 6 दिन के हिसाब से तय किया गया है। इसमें कपल को विदेश में 5 स्टार होटल की सुविधाएं दी जा रही हैं।

मालदीव के बजाय अब लक्षद्वीप पसंद

हर साल राजधानी से मालदीव बढ़ी संख्या में कपल्स जाते थे, लेकिन पिछले साल मालदीव और भारत के बीच विवाद होने से इस बार भी कपल्स ने लक्षद्वीप को वेलेंटाइन डे डेस्टिनेशन बनाया है। ट्रैवल कंपनी के प्रशांत सोलंकी ने बताया कि अभी तक 18 कपल्स ने लक्षद्वीप के लिए बुकिंग करा चुके हैं। इसके अलावा बाली जाने 8 तथा थाईलैंड और सिंगापुर जाने 6 कपल्स ने 80 हजार से 1 लाख का टूर पैकेज बुक कराया है। कंपनी का कहना है कि दुबई के लिए लोगों का आसानी से वीजा बना रहा है। इस वजह से यहां जाने वालों की संख्या अब बढ़ रही है। वैलेंटाइन डे को लेकर कंपनी सामान्य दिनों की तुलना में लोगों को 15 प्रतिशत की छूट दे रही है।

2 लाख में कश्मीर-शिमला का सफर

शहर के भीतर सभी राज्यों में सफर करने ट्रैवल कंपनी विशेष ऑफर दे रही है। रायपुर से कश्मीर और शिमला जाने 30 से अधिक लोगों ने बुकिंग करा ली है। 2 लाख में फाइव स्टार सुविधा के साथ यह सफर कराया जा रहा है। इसके अलावा यात्रा 50 हजार में भी कम सुविधा में कराई जा रही है। कंपनी का कहना है पैकेज में फ्लाइट, गाड़ी, होटल, खानपान से लेकर घूमना तक शामिल है।

जम्मू-कश्मीर से आए युवाओं ने किया छत्तीसगढ़ भ्रमण, खानपान और संस्कृति से हुए रूबरू

रायपुर। नेहरू युवा केंद्र के आयोजित कश्मीर यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम के समापन पर कश्मीरी युवाओं ने छत्तीसगढ़ की मेजबानी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, राज्यपाल रामेन डेका, विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह व महाराष्ट्र मंडल की सेवा की जमकर तारीफ की। मुख्य अतिथि संभागायुक्त महादेव कावरे ने सभी बच्चों से कहा कि छह दिनों में जो अपने आपको यहां के लोगों से मिला, उसे भविष्य में अपने व्यवहार, सेवा, संस्कृति, खानपान, देशसेवा के जज्बे में जरूर लाएं।

परिवार और देश के लिए कार्य करने में जुट जाएंगे

नेहरू युवा केंद्र छत्तीसगढ़ के राज्य प्रमुख निदेशक अतुल निकम ने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। विशेष अतिथि महाराष्ट्र मंडल अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने युवाओं को बताया कि छत्तीसगढ़ के बिताए पलों व यहां की संगत का असर इतना अच्छा होगा कि ये बच्चे भविष्य में अपने परिवार व देश के लिए कार्य करने में जुट जाएंगे। यही यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम की सफलता है। श्री कावरे ने नेहरू युवा केंद्र के अर्पित तिवारी व उनकी टीम का सम्मान किया।

श्री कावरे ने कहा कि भारत का हर कोना कश्मीर के युवाओं के लिए कितना सोचता है कि कश्मीर भारत के सारे राज्यों के समान बहुत प्रगति करे। युवाओं के आत्मविश्वास को देखकर लग रहा है कि भारत सरकार नेहरू युवा केंद्र, महाराष्ट्र मंडल अपने उद्देश्यों में सफल हो गया है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के सारे जिलों से आए बच्चों के साथ संवाद किया व उनके अनुभव साझा किए।

पेट में कैंसर का बताया कारण बचाव के लिए दी सही सलाह

रायपुर। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया की छत्तीसगढ़ इकाई और कोकिलाबेन अस्पताल मुंबई व सिंधु डॉक्टर फोरम के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि यूरोलॉजी और कैंसर स्पेशलिस्ट डॉ. संजय पांडे व डॉ. मनोज मूलचंदानी ने कार्यक्रम में सेहत और बीमारियों के बचाव के लिए सलाह दी। डॉ. मनोज ने पेट के अलग-अलग प्रकार के कैंसर को लेकर विस्तार से जानकारी दी।

बीमारियों के निदान पर चर्चा

यूरोलॉजिस्ट डॉ. संजय पांडे ने पथरी और प्रोस्टेट से जुड़ी बीमारियों से अवगत कराया। इसके निदान को लेकर सलाह दी है। सिंधु डॉक्टर फोरम के डॉ. एनडी गजवानी, डॉ. किरण माखीजा और डॉ. प्रकाश कटारिया प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस दौरान छग सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी, लधाराम नैनवानी, विक्की लोहाना, मुरलीधर केवलानी, एसपी कुंदनानी, राजकुमार बजाज, भरतलाल रामानी, पहलाज खेमानी, कमल विधवानी, धनेश मटलानी, राजू वासवानी, अशोक माखीजा, राजेश वाधवानी, प्रेमचंद छाबड़ा, प्रेमप्रकाश मध्यानी, अजय वालेचा, चंदर देवानी, अमर चंदानी, लखी सुंदरानी उपस्थित रहे।

होटलों में विदेशी पर्यटकों के लिए शेफ तैयार कर रहे विशेष व्यंजन

कार्नर न्यूज

विदेशी पर्यटकों को पसंद आ रहे कम मसाले वाले व्यंजन बिना तेल के देशी और नॉनवेज फूड की मांग अधिक

रायपुर। विदेशी पर्यटकों को छत्तीसगढ़ की आबोहवा भाने लगी है। बीते कुछ वर्षों से विभिन्न देशों से विदेशी पर्यटक छत्तीसगढ़ भ्रमण के लिए आ रहे हैं। विदेशी पर्यटक खाने के शौकीन होते हैं। हरिभूमि ने शहर के विभिन्न होटलों के शेफ से बातचीत की। उन्होंने बताया कि ज्यादातर विदेशी नॉनवेज खाना पसंद करते हैं। खाने में कम मसाले वाले व्यंजन ज्यादा पसंद करते हैं। शेफ बताते हैं कि विदेशी पर्यटक ज्यादातर इंडियन डिश ज्यादा पसंद करते हैं। इसमें वे नॉनवेज में बटर चिकन, स्टीम चिकन, ग्रिल्ड चिकन जैसी डिश ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इस दौरान ब्रेकफास्ट में पेपर डोसा, ब्रेड-ऑमलेट के ऑर्डर अधिक मिले हैं।

हेल्थी और कम मसाले वाली डिश

वीआईपी रोड स्थित हॉटल के मैनेजर रोहित बताते हैं, विदेशी पर्यटकों को कम मसाले वाले हेल्थी फूड ज्यादा पसंद आते हैं, विदेशी पर्यटक सबसे ज्यादा ग्रिल्ड चिकन खाते हैं। ग्रिल्ड चिकन को ओवन में बेक्ड कर बनाया जाता है और इसमें नींबू के रस या मेपल सिरप का उपयोग करते हैं। ये स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा होता है। इसकी कीमत 800 रुपए प्लेट है। इसके अलावा स्टीम पास्ता, सलाद, मिक्स दाल, स्टीम फ्राई पकौड़े जैसी डिशेज भी पसंद करते हैं।

स्टीम चिकन जैसी पंजाबी डिश की मांग

वीआईपी रोड स्थित होटल के हरेंद्र बताते हैं, यहां आने वाले ज्यादातर विदेशी पर्यटक खाने में स्टीम चिकन, चिकन रोस्ट, बटर चिकन जैसे पंजाबी नॉनवेज डिश ऑर्डर करते हैं। इसके अलावा वे फूड में डिम सम, रोस्टेड चिकन जैसी डिश, जिसे बनाने में 20-25 मिनट लगता है और इसमें बिल्कुल भी मसाले नहीं होते, ये 600 रुपए प्लेट होती है। रोस्टेड चिकन में बिल्कुल भी ऑयल नहीं होता है।

नॉनवेज खाने के शौकीन विदेशी

होटल में आने वाले विदेशी पर्यटक इंडियन नॉनवेज डिश ही ज्यादा पसंद करते हैं, जिसमें चिकन टिक्का, चिकन लॉलीपॉप, बटर चिकन डिनर में लेना ज्यादा पसंद करते हैं। इसके अलावा ब्रेकफास्ट में ऑमलेट, पेपर डोसा लेना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इसके अलावा कभी कभार तुना सैलेड विथ पास्ता, वेजीटेबल पास्ता जैसी इटालियन डिश लेते हैं।

सिटी लाइव

नृत्य में पिरोया मोबाइल का दुष्परिणाम पिरामिड से दिया यूनिटी का उदाहरण

रायपुर। बोरियाखुर्द स्थित प्रांजल जीनियस पब्लिक हाईस्कूल में सोमवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने नन्हा मुन्ना राही हूं.,गीत पर डांस किया, जिसके बाद राजस्थानी, संबलपुरी, भंगड़ा एवं छत्तीसगढ़ी नृत्य की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। बच्चों ने शिक्षा का महत्त्व बताते हुए डांस ड्रामा एक्ट से एजुकेशनल प्रस्तुति के साथ मोबाइल के दुष्परिणामों को नृत्य के माध्यम से दर्शाया। जय हो गीत पर पिरामिड की प्रस्तुति देकर यूनिटी का उदाहरण दिया और अनेकता में एकता विषय पर आधारित नृत्य में 5 राज्यों के लोकनृत्य को दर्शाते हुए बच्चों ने एकता का संदेश दिया।

आफताब को स्टूडेंट ऑफ द ईयर का खिताब

शिक्षा और कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों को खिताब से नवाजा गया, जिसमे स्टूडेंट ऑफ द ईयर-2025 आफताब कुरैशी रहे। स्टार ऑफ द जीनियस का का खिताब लुभांशी साहू ने अपने नाम किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्रामीण विधानसभा प्रतिनिधि मैकमिलन साहू के साथ अध्यक्षता सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी, मोनिका, आशा, चुनेश्वरी, सुनीला, सबीहा सभी शिक्षक और विद्यार्थियों के साथ पालक उपस्थित रहे।

लाइव इवेंट

बच्चों ने मां-पिता के पखारे पांव की पूजा, छलके आंखों में आंसू

रायपुर। वैदिक शिक्षण समिति द्वारा संचालित दिव्य संस्कार विद्या मंदिर के डूंडा, दतरेंगा व सेजबहर विद्यालय का सामूहिक वार्षिकोत्सव एवं मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल के बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने अभिभावकों एवं दर्शकों का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद बच्चों ने अपने माता-पिता का सामूहिक पूजन किया। इस पूजन से अभिभावकों की आंखें भर आईं। सभी ने कार्यक्रम की खूब प्रशंसा की।

ये रहे उपस्थित

मंच संचालन रेवाराम भाई, प्रिया तिवारी एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य सावित्री केसरिया ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ ऋषि प्रसाद, प्रभारी प्रभाकर, प्रियंका चौधरी पंच सेजबहार कॉलोनी, प्रदीप चौधरी अध्यक्ष जनकल्याण समिति सेजबहार, लता सोनी पूर्व पंच सेजबहार कॉलोनी, डॉ. भद्रिका समाजसेवी, पूजा गौर समाजसेवी, रजनी सिंह साइकिलिस्ट छत्तीसगढ़ एवं बड़ी संख्या में पालक एवं आम नागरिक उपस्थित थे।

समाज इवेंट

सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने बांटे सूती के थैले

रायपुर। सर्वधर्म सेवा संस्था ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने के लिए अभियान छेड़ दिया है। संस्था के संरक्षक वीरेन्द्र सतपथी के मार्गदर्शन व अध्यक्ष प्रतीक भोई के अगुवाई में सिंगल यूज़ प्लास्टिक बैन के अपने अभियान के तहत पहला सूती बेग जिलाधीश ऋचा प्रकाश चौधरी को भेंट किया। साथ ही जिले में दिन ब दिन बढ़ते प्रदूषण को रोकने की अपील की गई। संस्था द्वारा अभियान के अंतिम दिन शहीद दिवस पर आत्मानंद स्कूल, हॉस्पिटल सेक्टर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। स्कूल के छात्र-छात्राओं को पर्यावरण सुरक्षा की जानकारी दे कपड़े की थैली वितरण कर पर्यावरण रक्षा का संकल्प दिलाया गया।

स्कूलों में 1 हजार से ज्यादा सूती के थैले बांटे

स्कूलों में एक हजार कपड़े के थैली का वितरण कर प्रदूषण न फैलाने का संकल्प कराया गया। संस्था के अनुसार जिस तरह मानव द्वारा विकास व उद्योगी करण के नाम पर रोज़ लाखों पेड़ काटे जा रहे हैं, जल, थल व नभ को जिस तेजी से प्रदूषित किया जा रहा है, जिसका परिणाम हर साल बढ़ता तापमान, तेजी से गिरता भू जल स्तर, नई नई बीमारियां, घटती आयु यह प्रत्यक्ष सबूत है, और यह सब प्रकृति के प्रकोप का ही परिणाम है । इसलिए हर हाल में सब को मिल कर अपने आने वाले भविष्य के लिए पर्यावरण को बचाना होगा। संस्था इस गंभीरता को पूर्व से ही भांप कर 2004 से ही सिंगल युस प्लास्टिक का विरोध, पानी- बिजली बचाओ जैसे अभियान चलाते आ रही है।

● कालीबाड़ी में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर की पूजा-अर्चना, निभाई गई हाथे खड़ी की परंपरा

पंडित ने पढ़े मंत्र, बच्चों ने लिखना शुरू किया ककहरा

ज्ञान की देवी मां सरस्वती के पर्व बसंत पंचमी पर मंदिरों व स्कूलों में विधिवत पूजा की गई। शहर में पंचमी पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। कालीबाड़ी में नन्हे बच्चों ने स्लेट पर ज्ञान का पहला अक्षर लिखा। बसंत पंचमी पर्व के दौरान स्लेट पर लिखने की परंपरा वर्ष 1929 से निभाई जा रही है। बंगाली समाज द्वारा कालीबाड़ी मंदिर परिसर में माता की प्रतिमा स्थापित की गई।

रायपुर। सुबह 10 बजे के बाद महाआरती हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु आरती में शामिल होने पीले वस्त्र में पहुंचे थे। इस दौरान दो-ढाई साल के बच्चे, जो स्कूल जाना शुरू करेंगे, पंडितजी ने गोद में बिठाकर मंत्रोच्चार करते हुए चाक, पेंसिल से स्लेट पर हिंदी बारहखड़ी अ, आ, इ, ई अक्षर लिखना सिखाया। बच्चों में भी अक्षर लिखने को लेकर उत्साह नजर आया। हर साल बंगाली समाज के अनेक परिवार अपने नौनिहालों को अक्षर ज्ञान देने यहां लेकर आते हैं। इसके अलावा कॉलेज व स्कूल के विद्यार्थी किताब, पेन व संगीतकारों ने यंत्र माता को समर्पित कर विधिवत पूजा की।

संस्कृत में हुई श्लोक वाचक प्रतियोगिता

दिशा कॉलेज में सांस्कृतिक कमेटी एवं शिक्षा विभाग द्वारा बसंत पंचमी की उपलक्ष्य में संस्कृत श्लोक वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ. एके तिवारी प्राचार्य दिशा कॉलेज ने कहा कि ज्ञान से ज्यादा पवित्र कुछ नहीं है। ज्ञान के सही उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि ज्ञान को अपना अस्त्र बनाना है। ज्ञान की नई आशा की किरण के साथ आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. सौम्या तिवारी विभाग अध्यक्ष शिक्षा विभाग ने कहा कि यह पर्व ज्ञान और संस्कृति के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का अवसर है।

शास्त्रोक्त विधि से मां सरस्वती आराधना

वसंत पर्व पर विद्या और बुद्धि की देवी वीणापाणि मां सरस्वती की पूजा-अर्चना पवित्र वातावरण में पंडितों द्वारा पूर्ण निष्ठा एवं शास्त्रोक्त विधि से आंध्रा एसोसिएशन रायपुर के अध्यक्ष जी. स्वामी एवं सचिव केएस आचार्युलु के करकमलों से संपन्न कराई गई। इस अवसर पर परंपरानुसार सभी ने पीत वस्त्र धारण किए थे। कार्यक्रम में शाला की प्राचार्या डॉ. फ्रेनी जयप्रकाश, उपप्राचार्या मौसमी भट्टाचार्या, शिक्षक गण एवं छात्रवृंद उपस्थित थे।

शिव तांडव व मां शारदे में एकल नृत्य की प्रस्तुति

शिक्षा विभाग द्वारा श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में वाणी, कला और ज्ञान की देवी मां सरस्वती का पूजन बड़े धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में बीएड और डीएड के विद्यार्थियों द्वारा अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इनमें अर्धनारिश्वर के रूप में शिव तांडव, मां शारदे में एकल नृत्य प्रस्तुति, आयो रे शुभ दिन आयो रे पर ग्रुप डांस और बसंत ऋतु के आगमन पर आधारित ग्रुप सांग शामिल थे।

सुख-शांति व समृद्धि के लिए कराया यज्ञ

शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय में संत पचमी पर्व पर पूजा-अर्चना की गई। महाविद्यालय के सुख, शांति, समृद्धि के लिए यज्ञ करवाया गया, जिसमें समस्त महाविद्यालय स्टाफ छात्र अध्यापक उपस्थित होकर मां सरस्वती से पूजा-अर्चना की। यह कार्यक्रम संस्था प्रमुख डॉ. योगेश शिवहरे के मार्गदर्शन में किया गया, इसमें समस्त अकादमिक सदस्य शामिल हुए।

स्लेट पर बच्चों का अक्षराभ्यास

देवेंद्र नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में सोमवार को बसंत पंचमी उत्सव मनाया गया। इस दौरान सभी बच्चे पीले रंग के ड्रेस कोड में पहुंचे थे। सभी बच्चों को विद्यारंभ संस्कार के तहत स्लेट पर अक्षराभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में माधव बाल कल्याण समिति के सचिव संजय जोशी, विद्यालय प्राचार्या सुलक्षणा शर्मा सहित सभी आचार्य, अभिभावक, मौजूद रहे।

घरों में विद्यारंभ संस्कार

बसंत पंचमी पर घरों में विद्यारंभ संस्कार की पूजा हुई। इस दौरान बायोटेक वैज्ञानिक डॉ. प्रशांत शर्मा ने हवन यज्ञ के बाद विधिवत रूप से पहली बार विद्यालय में प्रवेश लेने वाले दोनों बच्चे अम्बे और गौरी को गोद में बैठाकर पट्टी पर पेंसिल से स्लेट पर हिंदी बारहखड़ी अ, आ, इ, ई अक्षर लिखना सिखाया।

स्टूडेंट्स ने की मां सरस्वती की पूजा

पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय में सोमवार को मां सरस्वती की आरधना कर मनाया गया बसंतोत्सव। ऋतुओं के राजा बसंत के आगमन पर मां सरस्वती का पूजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के निर्देशक डॉ. वीके अग्रवाल व प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अमित अग्रवाल ने छात्रों के अच्छे भविष्य की बधाईयां दीं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. यूलेंद्र राजपूत ने कहा, बसंत ऋतु में हर तरफ खुशी का माहौल होता है।

कृषि विवि के पुस्तकालय में विधिवत पूजा

बसंत पंचमी के अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल नेहरू पुस्तकालय में आयोजित सरस्वती पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. जीके दास, संचालक अनुसंधान डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी, निदेशक विस्तार डॉ. एसएस टुटेजा सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

वैदिक विधि से मंत्रोच्चार के साथ हवन

शासकीय दू. श्री. वै. संस्कृत महाविद्यालय में धूमधाम से बसंत पंचमी मनाई गई। इस अवसर पर वेद विभाग के विद्यार्थियों द्वारा वैदिक विधि से मंत्रोच्चार के साथ हवन एवं पूजन कार्यक्रम किया गया। यजमान के रूप में संस्था की प्राचार्य डॉ. राधा पाण्डेय एवं ऋत्विज के रूप में वेद विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. ज्ञानेश उपाध्याय व संस्कृत विभाग के सहायक प्राध्यापक अनुज तिवारी उपस्थित थे।

वैदिक भजनों से गूंजा मैक कॉलेज

महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज रायपुर में बसंत पंचमी मनाई गई। कार्यक्रम मैक कॉलेज के चेयरमैन राजेश अग्रवाल और प्राचार्य डॉ. एमएस मिश्रा के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस दौरान कॉलेज वीणा की मधुर धुनों और वैदिक भजनों की गूंज से भर गई, जिससे आध्यात्मिक ज्ञान और कलात्मक उत्साह का माहौल बन गया। सभी धार्मिक पोषाक पहने अत्यधिक सुंदर प्रतीत हो रहे थे। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण से किया गया।

चाणक्या लॉ एकेडमी में सरस्वती पूजा

चाणक्या लॉ एकेडमी में सोमवार को बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संस्था में सरस्वती पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थापक, शिक्षक और छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। पूजन के दौरान सभी छात्र-छात्राएं पारंपरिक परिधानों में सजे-धजे नजर आए और इस धार्मिक अनुष्ठान का हिस्सा बने। हवन पूजन में संस्था के मेंटर नितिन नामदेव और डॉ. श्यामली नामदेव ने मां सरस्वती से बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कोलंबिया में मनाया बसंतोत्सव

कोलंबिया में बसंत पंचमी के पर्व पर बसंतोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर मां सरस्वती की मूर्ति स्थापित कर हवन पूजन की परंपरा निभाई गई। इस धार्मिक अनुष्ठान में सोसायटी के अध्यक्ष किशोर जादवानी, सचिव हरजीत सिंह हूरा, कोषाध्यक्ष रविंदर सिंह हूरा, संस्थान के सभी विभागों के प्राचार्य, विभागाध्यक्ष, छात्र-छात्राएं और स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

राज्यों के पारंपरिक गीतों पर प्रस्तुति

बसंत पंचमी के अवसर श्री रामकृष्ण विद्यालय हायर सेकेंडरी स्कूल मंगल बाजार जीई रोड रायपुर का 12वां वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 10वीं व 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। वार्षिक खेलकूद व प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा 12वीं की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गाकर की गई। भारत की सभी संस्कृतियों का मेल कराते हुए राजस्थानी, मराठी, छत्तीसगढ़ी, गुजराती व कश्मीरी गीतों पर बच्चों द्वारा प्रस्तुति दी गई।

गीत और भाषण की प्रस्तुति

रामकुंड रायपुर स्थित रायपुर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में बसंत पंचमी मनाई गई। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दिलीप मुकुंद पिंपले व डॉ. निर्मल भोई द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक एवं छात्र छात्राओं द्वारा गीत एवं भाषण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ पिंपले ने अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश में अग्रसर होने के संबंध में जानकारी दी।

उत्तीर्ण होने और अधिक अंक पाने के चक्कर में तनावग्रस्त हो जाते हैं विद्यार्थी

पढ़ाई से पहले नटराज आसन, मेडिटेशन से बढ़ेगी एकाग्रता, जंक फूड से बनाएं दूरी

कार्नर न्यूज

रायपुर। परीक्षाओं का दौर अगले माह से शुरू होने वाला है। ऐसे में विद्यार्थी अच्छे मार्क के चक्कर में दिन-रात एक कर देते हैं। इस दौरान वे अपने खानपान और सेहत का भी ध्यान नहीं रख पाते। पढ़ाई के दौरान तनाव अलग होने लगता है, ऐसे में विद्यार्थी की सबसे बड़ी समस्या होती है कि पढ़े हुए विषयों को भूल जाते हैं। इसलिए विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखते हुए खानपान का विशेष ध्यान रखना चाहिए, ताकि परीक्षा में पढ़े हुए विषय एक बार में ही याद हों और परीक्षा परिणाम बेहतर आए।

ये उपाय असरदार

- परीक्षा के दौरान स्वास्थ्य बेहतर रखने दही शक्कर, नट्स, मौसमी फल खाएं।
- परीक्षा के समय में दिमाग को सेहतमंद रखने ब्रेन फूड्स का इस्तेमाल करें।
- परीक्षा के दौरान चाय, कॉफी जंक फूड्स खाने से एनर्जी एकदम से हाई होकर नीचे जाने से थकावट, आलस, नींद आने जैसी समस्याएं होती हैं, इससे बचने विद्यार्थी मीठे के अलावा मौसमी फल और सब्जियों को अपने डाइट में शामिल कर सकते हैं।
- देर रात तक जागने के कारण शरीर में कमजोरी, डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं आती हैं, जिससे बचने डिटॉक्स वॉटर साथ रखना चाहिए। साथ ही नटराज आसन, वृक्षासन, नौकासन जैसे व्यायाम याददाश्त बढ़ाने, शरीर को तनावमुक्त रखने में सहायक होंगे।



दिमाग को सेहतमंद रखने ब्रेन फूड को दें तवज्जो

शहर की आहार विशेषज्ञ डॉ. शिल्पी गोयल ने बताया कि आजकल विद्यार्थी परीक्षा के दौरान देर रात तक जागते हैं, ऐसे में शरीर में डिहाइड्रेशन, नींद न आना, भूलने जैसे समस्याएं होती हैं। इससे बचने डिटॉक्स वॉटर जिसमें नींबू पानी और शिद्रा मिलाकर पीने, दही शक्कर खाने से डिहाइड्रेशन कम होता है। साथ ही याददाश्त तेज रखने के लिए ओमेगा-3, जिसमें तिल, फल्ली, फ्लेक्सीड, अखरोट के खाने में रखें, इसी तरह मौसमी सब्जियों पालक, मेथी, भाजी का सूप बनाकर विद्यार्थी को पीना चाहिए।

जंक फूड, चाय-कॉफी से आलस और बेचैनी

डॉ. शिल्पी गोयल बताती हैं कि परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों को चाय-कॉफी, जंक फूड, चॉकलेट और कैंडी जैसी मीठी चीजों से से दूर रहना चाहिए, क्योंकि ये सब फास्टफूड थोड़ी देर के लिए एनर्जी को एकदम बढ़ा देते हैं, लेकिन कुछ देर बाद आलस, थकावट, बेचैनी जैसी समस्याएं होने लगेंगी। मीठे में गाजर का हलवा, तिल के लड्डू, मौसमी फलों का सेवन करें, जिससे सेहत को फायदा होगा।

योग से याददाश्त होगी तेज

शहर की योग शिक्षिका ज्योति बताती हैं, परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों में पढ़ाई का दबाव रहता है। ऐसे में अपनी एकाग्रता बढ़ाने के लिए सुबह और शाम दो मिनट का समय निकालकर नटराज आसन, वृक्षासन, नौकासन और मेडिटेशन करें, इससे विषयों में एकाग्रता बढ़ेगी और याददाश्त तेज होगी। साथ ही तनाव बिल्कुल खत्म हो जाएगा। इसका उपयोग खासकर परीक्षा के एक दिन पहले करें।

ज्योतिष

आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से भरपूर होते हैं इस तारीख को जन्में लोग

अंक ज्योतिष, ज्योतिष शास्त्र की एक महत्वपूर्ण शाखा मानी जाती है, जो किसी व्यक्ति के जन्म की तारीख से जुड़े अंकों के माध्यम से उनके स्वभाव और जीवन से जुड़ी विभिन्न विशेषताओं को दर्शाती है। यह प्राचीन विधा यह मानती है कि प्रत्येक अंक का जीवन में विशेष महत्व होता है। जन्म तिथि से प्राप्त अंक को मूलांक कहा जाता है, जो व्यक्ति के भाग्य, व्यक्तित्व और जीवन के अन्य पहलुओं को प्रभावित करता है। आज हम मूलांक 7 के प्रभाव और विशेषताओं के बारे में विस्तार से जानेंगे, जिसे अंक ज्योतिष में बेहद प्रभावशाली और शुभ अंक माना जाता है।

मूलांक 7 का महत्व : अंक ज्योतिष में 1 से 9 तक के अंकों का विश्लेषण किया जाता है, जिसमें अंक 7 को एक विशेष स्थान प्राप्त है। यदि किसी व्यक्ति का जन्म 7, 16 या 25 तारीख को हुआ है, तो उनका मूलांक 7 माना जाता है। इस अंक से प्रभावित लोग अलग सोच और विशेष गुणों से युक्त होते हैं। यह अंक भाग्यशाली माना जाता है और इससे जुड़े व्यक्ति जीवन में कई अनोखे अनुभव प्राप्त करते हैं।

मूलांक 7 के व्यक्तित्व की विशेषताएं : मूलांक 7 वाले लोग स्वतंत्र विचारधारा के होते हैं और आत्मनिर्भर जीवन जीना पसंद करते हैं। वे किसी भी बाहरी हस्तक्षेप को सहन नहीं करते और अपने निर्णय स्वयं लेने में विश्वास रखते हैं। इनके विचार दृढ़ होते हैं और वे आसानी से प्रभावित नहीं होते। कठिन परिस्थितियों का सामना ये धैर्य और आत्मविश्वास के साथ करते हैं। इनके भाग्य में सफलता निहित होती है, और इन्हें जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में अच्छे अवसर प्राप्त होते हैं।

केतु ग्रह का प्रभाव : अंक ज्योतिष के अनुसार, मूलांक 7 का संबंध केतु ग्रह से होता है। केतु को एक रहस्यमय और प्रभावशाली ग्रह माना जाता है, जो मूलांक 7 वाले जातकों को आंतरिक शक्ति और आत्मनिरीक्षण की क्षमता प्रदान करता है। हालांकि, इस ग्रह के प्रभाव के कारण कभी-कभी इन्हें अप्रत्याशित चुनौतियों का भी सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि ये स्वाभाविक रूप से लोगों पर जल्दी विश्वास कर लेते हैं।

सफलता और समृद्धि : मूलांक 7 वाले व्यक्ति निरंतर प्रगति करते हैं और अपने प्रयासों से जीवन में सफलता अर्जित करते हैं। इन्हें समाज में मान-सम्मान प्राप्त होता है और आर्थिक रूप से भी ये लोग संपन्न होते हैं। इनका विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण और कल्पनाशक्ति उन्हें भविष्य की संभावनाओं को पहले ही समझने में सक्षम बनाते हैं, जिससे वे सही दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

हाथ की ये रेखाएं मानी जाती हैं शुभ, देती हैं तरक्की का संकेत



हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार, हथेली पर मौजूद रेखाओं के जरिए भी व्यक्ति के भाग्य का पता लगाया जा सकता है। हाथ पर कई रेखाएं मौजूद होती हैं। इन रेखाओं की मदद से लव लाइफ, फाइनेंशियल कंडीशन, सेहत, करियर एवं विवाह से जुड़े कुछ सवालों का जवाब आप जान सकते हैं। कुछ रेखाएं सफलता व अच्छे करियर का संकेत देती हैं। आइए जानते हैं हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार, ऐसी ही कुछ रेखाओं के बारे में-

सूर्य रेखा : हस्तरेखा विद्या में सूर्य रेखा महत्वपूर्ण मानी गई है। जिनकी हथेली में सूर्य की रेखा अच्छी होती है, उन्हें रुपए-पैसे कमाने में ज्यादा दिक्कतें नहीं झेलनी पड़ती और ऐसे लोग मान-सम्मान भी खूब पाते हैं। हाथों की रेखाओं के जरिए आप सरकारी नौकरी मिलेगी या नहीं इस बारे में भी पता लगा सकते हैं। हथेली में मौजूद कुछ शुभ रेखाएं सरकारी नौकरी लगने का संकेत देती हैं। ऐसी ही एक रखा है सूर्य रेखा। जब हाथ में सूर्य रेखा हृदय रेखा को काटते हुए मस्तिष्क रेखा की ओर जाती है तो इससे सरकारी नौकरी का योग बनता है।

भाग्य रेखा : भाग्य रेखा काफी महत्व रखती है। भाग्य रेखा लंबी और रंग में डार्क हो तो इसे शुभ माना जाता है। भाग्य रेखा शुभ होने पर व्यक्ति को अपने करियर में सफलता पाने के लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ती है। जहां कुछ रेखाएं आपके करियर के लिए शुभ मानी जाती हैं। वहीं, कुछ ऐसी भी रेखाएं हैं, जो कमजोर करियर की स्थिति भी दर्शाती हैं। जब सूर्य के पर्वत पर तीन चार रेखाएं आपस में एक दूसरे को काट रही होती हैं तो यह संकेत है कि करियर लाइफ में आपको दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। वहीं, जब सूर्य रेखा छोटी हो और हृदय रेखा से पहले ही खत्म हो जाए तो ऐसे लोगों को नौकरी पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

वेट लॉस करने में हो सकती है आपके लिए बहुत मददगार

रोज सुबह की ये एक आदत आपकी सेहत में ला सकती है बड़ा बदलाव, आज से ही करें शुरुआत

खान-पान में सुधार करके आप कई प्रकार के स्वास्थ्य लाभ पा सकते हैं। आप क्या खाते-पीते है इसका सेहत पर सीधा असर होता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को आहार में सुधार करने की सलाह देते हैं। रोजाना नींबू पानी पीना सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद होता है, खासकर जब इसे सुबह खाली पेट पिया जाए। नींबू में विटामिन सी, एंटीऑक्सिडेंट्स और अन्य पोषक तत्व होते हैं जो शरीर को डिटॉक्स करने, पाचन सुधारने और इम्युनिटी बढ़ाने में मदद करते हैं। स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए खाली पेट नींबू पानी पीना एक आसान और प्रभावी तरीका माना जाता है।

खाली पेट नींबू पानी पीने के लाभ

खाली पेट नींबू पानी पीना पाचन तंत्र को सुधारने, वजन घटाने से लेकर शरीर को डिटॉक्स करने और त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। यदि आप इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहते हैं, तो सुबह एक गिलास गुनगुने पानी में आधा नींबू निचोड़कर पीना सबसे अच्छा रहता है। हालांकि, यदि आपको पेट में अल्सर, एसिडिटी रहती है तो पहले डॉक्टर से परामर्श जरूर लें।

पाचन स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद

नींबू पानी पेट में गैस्ट्रिक जूस (पाचन रस) के स्राव को उत्तेजित करता है, जिससे भोजन पचाने में मदद मिलती है। अध्ययनों में पाया गया है कि नींबू का साइट्रिक एसिड गैस्ट्रिक जूस के उत्पादन को बढ़ाता है, जिससे पाचन में सुधार होता है। खाली पेट इसके सेवन से आपको कई लाभ हो सकते हैं।

वजन कम करने में मददगार

नींबू पानी शरीर के मेटाबॉलिज्म को तेज करता है, जिससे कैलोरी अधिक बर्न होती है और वजन घटाने में सहायता मिलती है। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ ओबेसिटी में प्रकाशित एक अध्ययन सेपता चलता है कि सुबह गुनगुना नींबू पानी पीने से मेटाबॉलिज्म दर 30% तक बढ़ सकती है। ये वेट लॉस करने में आपके लिए बहुत मददगार हो सकती है।

शरीर से निकलती है गंदगी

नींबू पानी किडनी और लिवर के टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मदद करता है, जिससे शरीर साफ रहता है। अध्ययन बताते हैं कि नींबू का एंटीऑक्सिडेंट गुण लिवर एंजाइम्स को एक्टिव करता है, जिससे डिटॉक्सिफिकेशन तेज होता है।

इम्युनिटी होती है मजबूत

नींबू में मौजूद विटामिन-सी सफेद रक्त कोशिकाओं को बढ़ावा देता है, जिससे बीमारियों से बचाव होता है। विटामिन-सी वायरल और बैक्टीरियल इंफेक्शन से लड़ने की क्षमता को बढ़ाता है। नियमित रूप से नींबू पानी पीने से आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार होता है।

क्या होता है साउंड स्लीप, जानें इसके 7 फायदों के बारे में

शरीर को स्वस्थ और निरोगी रखने के लिए केवल बेहतर डाइट और एक्सरसाइज ही नहीं, बल्कि अच्छी नींद भी बेहद जरूरी है। अगर रोजाना पर्याप्त नींद न ली जाए तो चिड़चिड़ापन, गुस्सा, कमजोर याददाश्त, थकान, कम एनर्जी जैसी कई समस्याएं हो सकती हैं। यही नहीं नींद पूरी न करने से आप मोटापे, डिप्रेशन, डायबिटीज और कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का भी शिकार हो सकते हैं।

अमेरिकन हार्ट असोसिएशन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, शोध से पता चलता है कि इनसोम्निया यानी अनिद्रा हार्ट डिजीज के खतरे को बढ़ा सकती है। इस बात के प्रमाण हैं कि अनिद्रा स्ट्रेस हार्मोन कार्टिसोल को बढ़ाती है और आपके शरीर की तनाव प्रतिक्रिया को बदल देती है, जिससे डायबिटीज, एंग्जायटी और डिप्रेशन के साथ ही हार्ट डिजीज का खतरा भी बढ़ सकता है।

बता दें इनसोम्निया एक ऐसी समस्या है, जिससे आज के समय में बड़ी संख्या में लोग पीड़ित हैं। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के मुताबिक दुनिया भर में कई अध्ययनों से 10%-30% आबादी में अनिद्रा की व्यापकता दिखाई दी है। हालांकि, आप अगर लाइफस्टाइल में कुछ सुधार ले आएं तो साउंड स्लीप के जरिए इन खतरों को टाला जा सकता है।

क्या है साउंड स्लीप : साउंड स्लीप का मतलब शांति से सोना और अच्छी क्वालिटी की नींद लेना है। अच्छी नींद के लिए आप कई तरीके अपना सकते हैं, जैसे कि:-

सुबह जल्दी उठने की कोशिश करें, इससे आपको सही समय पर सोने में भी मदद मिलेगी। सोने से पहले फोन या किसी अन्य डिजिटल उपकरण का इस्तेमाल न करें। अपने पैरों के तलवे को सोने से पहले धोएं और मसाज करें। सोने से पहले सॉफ्ट म्यूजिक सुनें। इससे अच्छी नींद आने में मदद मिलती है। आप बेड पर जाने से पहले नहा भी सकते हैं। इससे बॉडी रिलैक्स होती है और नींद अच्छी आती है। डीप ब्रीदिंग एक्सरसाइज की प्रैक्टिस कर सकते हैं। सोने से पहले दूध पी सकते हैं। सोने से पहले हैवी खाना न खाएं। डिनर करने के बाद कुछ देर खुली हवा में टहलने से भी अच्छी नींद आती है।

दिमाग रहता है फ्रेश : पर्याप्त नींद लेने से आपकी बॉडी और ब्रेन को आराम मिलता है, जिससे दिमाग को बेहतर तरीके से प्रदर्शन करने में मदद मिलती है।

बीपी और कोलेस्ट्रॉल से होता है बचाव : इसके अलावा अच्छी नींद लेने से ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है। दरअसल, कम नींद या अनिद्रा आपके हार्ट को बीमार डालती है, इसलिए नींद पूरी जरूर करें।

बढ़ती है मेमोरी और फोकस

अगर आप अच्छे से नहीं सोएंगे या कम सोएंगे तो इसका असर आपके याददाश्त पर भी पड़ता है और चीजों पर फोकस करने में भी मुश्किल आती है। जबकि बढ़िया और पर्याप्त नींद आपकी मेमोरी को शार्प रखती है और फोकस में सुधार लाती है।

मूड रहता है बेहतर

कम नींद चिड़चिड़ापन की वजह बनती है। ऐसे में पर्याप्त नींद लेना जरूरी है, क्योंकि इसका असर मूड पर भी पड़ता है। अच्छी नींद का ये भी फायदा है कि आप तनाव, चिंता और डिप्रेशन से बचे रहते हैं।

खांसी को दबा सकता है अनानास, बस पता होना चाहिए लेने का तरीका

खांसी दूर करने के लिए अनानास खा सकते हैं। इसे खट्टा मानकर अवॉयड करने की गलती ना करें। डॉक्टर दीक्षा भावसार ने इस समस्या के लिए कुछ दूसरे घरेलू उपाय भी बताए हैं, जो दवा के बिना इस समस्या से आराम दे सकते हैं। खांसी सबसे आम शारीरिक समस्याओं में से एक है। यह कभी भी और किसी को भी हो सकती है। मगर काफी परेशान कर देती है। इसके साथ सीने में जकड़न, गले में खराश-दर्द और बलगम इसे गंभीर बना देते हैं। अक्सर मौसम बदलने पर खांसी होती है या फिर एलर्जी इसकी वजह बन सकती है।

आयुर्वेदिक एक्सपर्ट डॉक्टर दीक्षा भावसार सावलिया ने खांसी के लिए अनानास खाने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि यह तरीका इस दिक्कत को बिना दवा के भी ठीक कर सकता है। हालांकि, लोगों को लगता है कि यह फल खट्टा होने की वजह से खांसी कर सकता है।

अनानास कैसे करता है फायदा : जब भी खांसी होती है तो अनानास खा लें। इसमें ब्रोमेलैन एंजाइम होता है। यह खांसी को दबाने का काम करता है। गले की खराश दूर करता है और इंफ्लामेशन से छुटकारा दिलाता है। यह बलगम को ढीला करने और ब्रीदिंग सही करने का काम करता है।

कितना खाना या पीना है : एक दिन में अनानास के तीन टुकड़े खाएं या 3.5 औंस ताजा अनानास का रस पियें। आप अनानास के रस को शहद, नमक और काली मिर्च के साथ मिलाकर पी सकते हैं। इसके लिए कुछ अन्य घरेलू उपाय भी कर सकते हैं।

हल्दी+नमक पानी के गरारे : बस 250-300 मिलीलीटर पानी लें और इसमें 1 बड़ा चम्मच हल्दी और आधा बड़ा चम्मच नमक डालें और इसे 5 मिनट तक उबालें। जब यह छूने लायक गर्म हो जाए, तो इससे गरारे करें और अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाएं। आप दिन में 3-4 बार गरारे कर सकते हैं। इससे जकड़न कम महसूस होगी और आपके गले को आराम मिलेगा।

मेथी और तुलसी की पत्तियों के उपाय

1 चम्मच मेथी को 250 मिलीलीटर पानी में 5 मिनट तक उबालें, छान लें और पी लें।

4-5 तुलसी की पत्तियों को थोड़े से पानी में उबालें, छान लें और पी लें। यदि आप चाहें तो इसे थोड़ा ठंडा होनने के बाद शहद, अदरक मिलाकर ले सकते हैं।

'छोटी मोटी पथरियां निकल आएंगी बाहर' डॉक्टर ने बताया कॉफी पीने का सही तरीका



गुर्दे की पथरी दर्दनाक हो सकती है। यह बेहद दर्द करती है और रोजमर्रा के काम करने में तकलीफ होती है। अगर इनका साइज ज्यादा नहीं है तो आप कॉफी से इन्हें बाहर निकाल सकते हैं। लेकिन, इस बात का ध्यान रखें कि गलती करने पर उल्टा असर हो सकता है।

किडनी स्टोन के लक्षणः पथरी के कारण कई सारी दिक्कतें हो सकती हैं, जिन्हें इसके लक्षण कह सकते हैं। यह समस्या निचली कमर में दर्द, कमर के साइड में दर्द, पेशाब करते हुए दर्द, जी मिचलाना, उल्टी, बुखार, ठंड लगना, पेशाब में खून या झाग आना, पेशाब ना कर पाना कर सकती है।

कॉफी से कैसे बनती है पथरी?

यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर अमित बंसल के मुताबिक कॉफी पथरी बना भी सकती है और निकाल भी सकती है। अगर आप इसे पीने के बाद गलती करेंगे तो स्टोन बनाने का काम करती है। लेकिन, ऐसा उन लोगों में ज्यादा होता है, जिनका हाइड्रेशन बेकार है, जो कि पानी कम पीते हैं।

हाइड्रेट रहें

कॉफी एक डायर्यूटिक है, जिसकी वजह से पेशाब ज्यादा बनता है और छोटी -छोटी पथरियां निकल जाती हैं। अगर आप कॉफी ज्यादा पीते हो तो पानी पर्याप्त पीकर हाइड्रेटेड रहो। जिससे पथरी होने का खतरा कम हो जाएगा और ज्यादा पेशाब आने से छोटी- मोटी पथरियां निकल जाएंगी।

इकट्ठा होते रहते हैं मिनरल-एसिड और नमक

गुर्दे में बनने वाली पथरी सॉलिड मास या क्रिस्टल से बनी होती हैं। यह मिनरल, एसिड और नमक से बन सकती हैं। यह रेत के दाने से लेकर गोल्फ बॉल की तरह बड़ी हो सकती है। अक्सर गुर्दे में जो मिनरल जम जाते हैं, वो पथरी बनाते हैं।

इन चीजों से बनती है पथरी

कैल्शियम ऑक्सालेट,कैल्शियम फॉस्फेट, यूरिक एसिड, सिस्टाइन स्टोन, स्ट्रूवाइट स्टोन।

बाहर निकलेगा दांतों को खा रहा काला कीड़ा, डॉक्टर ने बताए 3 देसी नुस्खे

दांतों में पीलेपन की वजह

सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि दांतों के पीलापन का क्या वजह हैं। दरअसल, खान-पान की आदतें जैसे चाय, कॉफी, सोडा और रेड वाइन जैसे पेय पदार्थ, अधिक मिठाई और चीनी का सेवन, सही तरीके से ब्रश न करना, फ्लॉसिंग न करना, धूम्रपान और तंबाकू का सेवन आदि की वजह से दांत पीले हो जाते हैं। सही तरह सफाई नहीं करने से दांतों पर प्लैक जमता रहता है और वो जड़ों में घुसकर टार्टर का रूप ले लेता है।

फल-सब्जियों का ज्यादा सेवन करें

डॉक्टर ने बताया कि आप मौजूद घरेलू उपायों से बचें और इसके बजाय फल सब्जियों जैसे स्ट्रॉबेरी, कच्ची गाजर, खीरा आदि का सेवन ज्यादा करें। इन चीजों के सेवन से आपके दांतों से नेचुरली प्लैक खत्म हो सकता है।

खाने के बाद कुल्ला करें

डॉक्टर ने बताया कि दांतों को पीला होने से बचाने के लिए खाने के तुरंत बाद कुल्ला करना से बढ़िया कोई उपाय नहीं है। आप जब भी कुछ खाएं, तो कुल्ला जरूर करें, इससे खाने के कण हट जाते हैं। अगर आपको किसी भी उपाय से आराम नहीं मिल रहा है, तो आप बढ़िया समाधान के लिए डेंटिस्ट के पास जाएं। डॉक्टर आपको क्लीनिंग, डेंटल स्केलिंग की सलाह दे सकता है जिसमें प्लैक को साफ किया जाता है। ब्लीचिंग के जरिए दांतों में चमक लाइ जाती है।

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

कान्ये वेस्ट और बियांका सेंसरी पर थमीं दुनिया की निगाहें

साल 2025 के ग्रैमी अवॉर्ड का आगाज 3 फरवरी, सोमवार को हो गया है। रेड कार्पेट पर हॉलीवुड की जानी-मानी हस्तियों के आने का सिलसिला भी शुरू हो गया है, लेकिन कान्ये वेस्ट और बियांका सेंसरी



पर सबकी निगाहें थम गईं, जब बियांका एक ट्रांसपेरेंट ड्रेस पहनकर समारोह में पहुंचीं। उनकी तस्वीरों ने इंटरनेट पर सनसनी मचा दी है। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें बाहर निकाल दिया। कान्ये वेस्ट इस अवॉर्ड सेरेमनी में दो अवॉर्ड्स के लिए नॉमिनेटेड थे। वो कैजुअल ऑल-ब्लैक आउटफिट में ग्रैमी के रेड कार्पेट पर पहुंचे थे। वो बेस्ट रैप सॉन्ग के लिए नॉमिनेटेड हैं। हालांकि, ये कहा जा रहा है कि अगर वो जीत जाते हैं तो अवॉर्ड लेने के लिए स्टेज पर नहीं आएंगे। लाइव रेड कार्पेट कार्यक्रम के दौरान कान्ये की वाइफ बियांका ने अपने फैशन स्टेटमेंट से सबका ध्यान खींच लिया। उन्होंने ब्लैक कलर के लंबे कोट के नीचे एक ट्रांसपैरेंट ड्रेस पहनी, जिसमें लगभग सबकुछ दिख रहा था। उनके इस ड्रेसिंग सेंस ने विवाद भी खड़ा कर दिया है। इस लुक ने सोशल मीडिया पर इस बात को लेकर बहस छेड़ दी कि क्या इसे कैलिफोर्निया कानून के तहत अभद्र प्रदर्शन कहा जाएगा! मिरर के अनुसार, कैलिफोर्निया दंड संहिता 314(1) अभद्र प्रदर्शन को किसी के नग्न शरीर का जानबूझकर और अश्लील प्रदर्शन के रूप में परिभाषित करता है, जो दूसरों को अपमानित या परेशान कर सकता है।

टॉलीवुड

प्रभास बने शिव भक्त रुद्र! 'कन्नप्पा' का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी

भारतीय सिनेमा, खासकर साउथ इंडस्ट्री में इन दिनों पौराणिक कथाओं पर फिल्में बनाने की होड़ मची हुई है। 'कांतारा', 'आदिपुरुष',

'कल्कि 2898 AD' जैसी फिल्मों के बाद जहां अब इनके सीक्वल और प्रीक्वल पर काम चल रहा है, वहीं 'रामायण' से लेकर 'कन्नप्पा' जैसी फिल्में भी आ रही हैं। बीते दिनों विष्णु मांचू स्टारर 'कन्नप्पा' से अक्षय कुमार का फर्स्ट लुक आया था, जिसमें वह भगवान शिव बने हैं। अब सुपरस्टार प्रभास का पहला पोस्टर रिलीज किया गया है। वह फिल्म में 'रुद्र' की भूमिका में हैं, जो भगवान शिव का भक्त है। गले में रुद्राक्ष और माथे पर त्रिपुंड लगाए, लंबे बालों में प्रभास का यह लुक जबरदस्त है। उन्होंने एक अर्धचंद्राकार दंड पकड़ रखा है, जो दैवीय शक्ति और आकाशीय ऊर्जा का संकेत देती है। 'कल्कि 2898 AD' की सफलता के बाद प्रभास को 'कन्नप्पा' में इस अवतार में देखकर फैंस की बांछे खिल गई हैं। सोमवार को, 'कन्नप्पा' के निर्माताओं ने 'रुद्र' के रूप में प्रभास का पहला लुक पोस्टर जारी किया। इसमें वह एक साधु के वेश में हैं। पोस्टर पर लिखा है, 'वह उग्र तूफान है, अतीत और भविष्य का मार्गदर्शक है, वह भगवान शिव की आज्ञा से शासित है!' इंस्टाग्राम पर प्रभास ने भी पोस्टर शेयर किया है। वह लिखते हैं, 'दिव्य संरक्षक रुद्र। कन्नप्पा में अडिग रक्षक के रूप में शक्ति और ज्ञान का अवतार। भक्ति, त्याग और प्रेम की एक कालातीत यात्रा। 25 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में आने वाली इस महाकाव्य साहसिक यात्रा में हमारे साथ जुड़ें। हर हर महादेव।'

भोजपुरी

खेसारी लाल यादव के नए एक्शन फिल्म 'डंस' का ट्रेलर लॉन्च

भोजपुरी सिनेमा के हिट मशीन और ट्रेंडिंग स्टार कहे जाने वाले स्टार खेसारी लाल यादव की फिल्म 'डंस' का ट्रेलर फिल्म के मेकर ने आज लॉन्च

कर दिया है। इस ट्रेलर को खूब पसंद किया जा रहा है। फिल्म के ट्रेलर में खेसारी लाल यादव जबरदस्त एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं। भोजपुरी फिल्म 'डंस' के ट्रेलर की शुरुआत के छोटे से बच्चे से होती है। वह अपनी मां से कहता है कि माई आज तक कुछ नाही मगले। उसकी मां कहती है कि समय आएगा तब मांग लूंगी। इस सीन के बाद ट्रेलर में खेसारी लाल यादव की जबरदस्त एक्शन अवतर में एंट्री होती हैं। उनके कंधे से एक सांप गुजरता हुआ दिखाई देता है। इससे प्रतीत होता है कि फिल्म में एक्टर के डंस से कोई नहीं बचेगा। ट्रेलर में खेसारी लाल यादव का यह अंदाज बहुत ही कमाल का लगता है। जब वो कहते हैं कि एक बार जब शुरू हो जाता हूं, तब इंटरवल नहीं होता है। जाहीर सी बात है कि खेसारी लाल यादव पूरी फिल्म में काफी दमदार और अलग किरदार में नजर आने वाले हैं। खास बात यह है कि फिल्म में खेसारी लाल यादव सांपों से खेलते नजर आएंगे। फिल्म 'डंस' को लेकर खेसारी लाल यादव काफी उत्साहित हैं। वह कहते हैं- इस फिल्म में दर्शकों को काफी कुछ नया देखने को मिलेगा। यह हार्डकोर एक्शन के साथ-साथ जबरदस्त म्यूजिकल लव स्टोरी भी है। हमारी कोशिश हमेशा रही कि अपने दर्शकों के लिए कुछ अलग लेकर आएं। इस फिल्म में दर्शकों को काफी कुछ नया दिखने वाला है। स्निप कॉर्पोरेशन के बैनर तले बन रही इस फिल्म का निर्माण सुधीर सिंह किया। सुधीर सिंह इससे पहले 'दूल्हा मिलल दिलदार' सहित कई फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं। फिल्म का डायरेक्शन धीरज ठाकुर ने किया है। फिल्म के म्यूजिक डायरेक्टर कृष्ण बेदर्दी,आर्यन पॉटर, गीतकार प्यारे लाल कवि, कृष्ण बेदर्दी और शेखर मधुर, डीओपी श्रवण नतरंजन और कोरियोग्राफर राम देवन हैं।

लाइफ स्टाइल

करिश्मा ने काली साड़ी में बिखेरा जलवा

अपनी शानदार एक्टिंग और खूबसूरती के लिए मशहूर करिश्मा कपूर एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार उन्होंने अपने हसीन अवतार से बाजी मार ली है। वह साड़ी पहन इवेंट में पहुंची और छा गईं। जहां उन्हें देख लगा ही नहीं कि वह 50 साल की हैं, बल्कि उनकी अदा 25 की जवां लड़कियों सी लगी। करिश्मा यहां सब्यसाची की काली साड़ी पहने नजर आईं। जहां साड़ी पर कोई वर्क नहीं, तो इसके बॉर्डर को काले रिबन से सजाया गया है। जिससे इसे थोड़ा अलग लुक मिल रहा है। लेकिन, लुक में जान उनका ब्लैक ओवरकोट लेकर आय। जिससे साड़ी को प्लीट्स में बांध इस तरह से स्टाइल करने का तरीका भी काफी यूनिक लगा और करिश्मा देसी लुक में हमेशा की तरह छा गईं।

हाथ-पैरों के बाल हटाने के लिए वैक्सिंग करें या शेविंग? जानें दोनों में से क्या है सही

मांहलाएं और लड़ांकयां इसं हटा देतां हैं। हाथ-पैरों पर आने वाले इन अनचाहे बालों को हटाने के लिए सबसे अच्छे दो ही तरीके होते हैं एक तो वैक्सिंग और दूसरा शेविंग। जब कोई लड़की पहली बार हाथ-पैर के बाल हटाने का सोचती है तो उसके जहन में काफी संशय होता है। वो अपनी नाजुक त्वचा को भी नुकसान नहीं पहुंचाना चाहती हैं। इसी के चलते आज हम यहां आपको आज शेविंग और वैक्सिंग के बारे में पूरी जानकारी देने जा रहे हैं। ताकि आप अच्छी तरह सोच-समझ के इन दोनों में से एक चीज का चयन करें। यदि आप अच्छे से सोच समझ लेंगी तो आपको किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना होगा।

पहले जानें क्या होती है वैक्सिंग : वैक्सिंग एक ऐसी हेयर रिमूवल तकनीक है, जिसमें गर्म वैक्स का इस्तेमाल करके शरीर के अनचाहे बालों को जड़ से हटाया जाता है। वैक्सिंग में बालों को जड़ से हटाया जाता है, जिससे 3-4 हफ्ते तक त्वचा स्मूद रहती है। इसमें डेड स्किन हट जाती है, जिसकी वजह से त्वचा चमकदार दिखती है। बार-बार करने से बाल पतले और हल्के उगते हैं। ।

वैक्सिंग का त्वचा पर असर : वैक्सिंग कराने में थोड़ा दर्दभरा अनुभव होता है। संवेदनशील त्वचा पर रैशेज या जलन की समस्या भी सामने आ सकती है। यदि वैक्सिंग कराने का सोच रही हैं तो बालों की एक निश्चित लंबाई (इंच) होनी चाहिए।

क्या होती है शेविंग : ज्यादातर महिलाएं शेविंग करना पसंद करती हैं, क्योंकि इसमें बिना दर्द के जल्दी और आसानी से बाल हटते हैं। इसके लिए आपको सिर्फ एक अच्छे रेजर और फोम की जरूरत पड़ती है। इसके लिए आपको किसी की मदद की जरूरत नहीं पड़ती है। शेविंग हर स्किन टाइप के लिए उपयुक्त होती है, अगर सही तकनीक अपनाई जाए तो।

शेविंग का त्वचा पर असर

वैक्सिंग में बाल लंबे समय तक निकलते हैं, लेकिन शेविंग करने के बाद बाल जल्दी वापस उग आते हैं। लगातार शेव करने से बाल कठोर हो सकते हैं। कई बार तो शेव करने से शरीर पर कट तक लग जाता है। गलत शेविंग तकनीक से इनग्रोन हेयर हो सकते हैं। ।

पहली बार है तो क्या कराएं

अगर जल्दी और आसान तरीका चाहिए तब तो शेविंग बेस्ट है, लेकिन अगर स्मूद स्किन लंबे समय तक चाहिए वैक्सिंग बेहतर है। वैक्सिंग और शेविंग दोनों के ही अपने अलग फायदे और नुकसान हैं। इसलिए अपनी स्किन टाइप और जरूरत के हिसाब से सही विकल्प चुनें और अपनी त्वचा का अच्छे से ख्याल रखें।

दूल्हे की मम्मी पर खूब जचेंगी ऐसी साड़ियां देखती रह जाएगी होने वाली बहू भी

फैशन

शादी का दिन दूल्हा-दुल्हन के साथ-साथ उनके परिवार के लिए भी बेहद खास होता है। इस दिन के लिए हर कोई महीनों पहले से तैयारी करता है। जब बात शादी सीजन की हो रही हो और दूल्हे की मम्मी के बारे में बात न हो, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। होने वाली सास पर हर किसी की नजर होती है, ऐसे में उनका अच्छा दिखना तो बनता है। इसी के चलते यहां हम आपको साड़ियों के कुछ ऐसे विकल्प दिखाने जा रहे हैं, जो होने वाली सासु मां पर खूब जचेंगे। इन साड़ियों को पहनकर वो इतनी खूबसूरत दिखेंगी कि हर कोई उन्हें देखता रह जाएगा। आइए अब बिना देर किए आपको दूल्हे की मम्मी के लिए साड़ियों के विकल्प दिखाते हैं, ताकि आप भी अभी से खरीदारी शुरू कर दें।

कांजीवरम सिल्क साड़ी : रॉयल और एथनिक लुक के लिए इससे बेहतर साड़ी कोई और हो ही नहीं सकती। इसका भारी जरी वर्क, रॉयल लुक और पारंपरिक डिजाइन आपको काफी खूबसूरत लुक देने का काम करेगा। इसे आप शादी के समय कैरी कर सकती हैं। इसे पहनते समय रंग का ध्यान रखें, कांजीवरम साड़ी चटक रंगों में ज्यादा प्यारी लगती है। इसे टेम्पल ज्वेलरी के साथ पेयर करें और बालों में गजरा लगाकर परफेक्ट सास लुक पाएं।

बनारसी सिल्क साड़ी : यदि शाही अंदाज में साड़ी कैरी करनी है तो बनारसी सिल्क बेस्ट है। इसका जरी बॉर्डर, क्लासिक और टाइमलेस अंदाज आपको परफेक्ट लुक देने में मदद करेगा। इसे हल्दी, संगीत या रिसेप्शन में कैरी किया जा सकता है। बनारसी सिल्क साड़ी में रेड, ब्लू, वायलेट या गोल्डन रंग का चुनाव करें। मैचिंग चूड़ी और कुंदन ज्वेलरी के साथ यह लुक बेहद शानदार लगेगा।

गुजराती बंधेज साड़ी : कुछ ऐसा पहनना है जो पारंपरिक हो तो बंधेज की साड़ी ट्रेडिशनल लुक देगी। इसकी रंगीन एथनिक वाइब्स एलिगेंट लुक देती हैं। इसे आप हल्दी या मेहंदी के कार्यक्रम में पहन सकती हैं। ये ज्यादातर ऑरेंज, ग्रीन, येलो और मल्टीकलर रंगों में आती हैं। इसे ऑक्सीडाइज या टेराकोटा ज्वेलरी के साथ कैरी करें।

ऑर्गेंजा साड़ी : अक्सर लोगों को लगता है कि ऑर्गेंजा साड़ी लड़कियों पर जचती है, लेकिन ऐसा नहीं है। आप इसे रिसेप्शन के दिन कैरी कर सकती हैं। ऑर्गेंजा साड़ी में यदि वाइन या अन्य चटक कलर पहनेंगी तो आपका लुक प्यारा दिखेगा। इसके साथ मैचिंग ज्वेलरी पहनना न भूलें।

शिफॉन या जॉर्जेट साड़ी : एलिगेंट और सोबर लुक के लिए ये अच्छा विकल्प है। इसे तब कैरी करें, जब आपको कुछ भारी पहनने का मन न हो। जैसे कि शादी के समय फैमिली गेट टूगेदर हो तो इस तरह की साड़ी कैरी करें।

गाउन के साथ पहनें कैसे फुटवियर जो स्टाइल के साथ देंगे कंफर्ट

साड़ी, लहंगे के अलावा आजकल महिलाओं को गाउन काफी पसंद आ रहे हैं। बाजार में शादी-विवाह से लेकर क्लब की पार्टियों में पहनने के लिए भी अलग-अलग तरह के गाउन मिल जाते हैं। इन्हें अलग तरह से ही कैरी भी किया जाता है। जिस तरह से गाउन लुक को खूबसूरत बनाने के लिए अलग ज्वेलरी और मेकअप की जरूरत पड़ती है, ठीक उसी तरह से इसके साथ पहनने के लिए खास तरह की फुटवियर की भी जरूरत पड़ती है।

बहुत सी महिलाओं को ये समझ नहीं आता है कि वो गाउन के साथ कैसी फुटवियर पहनें। ऐसे में हम यहां आपको ट्रेंडी फुटवियर का कलेक्शन दिखाने जा रहे हैं, ताकि आप उसे गाउन के साथ पहनकर अपना जलवा बिखेर सकें। ये सभी फुटवियर आपको ऑनलाइन से लेकर ऑफलाइन तक आसानी से मिल जाएंगी।

स्टिलेटोज : एलिगेंस और ग्रेस का परफेक्ट कॉम्बो पाने के लिए स्टिलेटोज फुटवियर परफेक्ट रहती हैं। इन्हें गाउन के साथ पार्टी, वेडिंग रिसेप्शन, रेड कार्पेट इवेंट में कैरी किया जा सकता है। अगर आपका गाउन लंबा और फ्लोई है, तो स्टिलेटोज आपको एक शार्प और एलिगेंट लुक देंगी।

ब्लॉक हील्स : स्टाइल और कम्फर्ट दोनों चाहिए तो ब्लॉक हील्स को चुनें। ये चौड़ी हील, चलने में आसान होती हैं, जोकि बैलेंस मेंटेन करती है। इसे कैजुअल पार्टी, ब्रंच, नाइट इवेंट में कैरी किया जा सकता है। अगर आप बहुत ज्यादा देर तक खड़े रहने वाली हैं या डांस करना चाहती हैं, तो ब्लॉक हील्स बेस्ट रहेंगी।

वेज हील्स : ये हील्स कंफर्ट और स्टाइल का परफेक्ट मिक्सचर है। इन्हें आउटडोर इवेंट, गार्डन पार्टी, समर वेडिंग में कैरी किया जा सकता है। अगर आप गाउन के साथ थोड़ा ट्रेडिशनल और मॉडर्न टच चाहती हैं, तो वेज हील्स बेस्ट हैं।

पतले बालों पर खूब जचेंगी ऐसी हेयर स्टाइल नहीं पड़ेगी पार्लर वाली दीदी की जरूरत

शादियों का सीजन चल रहा है, ऐसे में जिनके घर में भी शादी है, वो लोग इसकी तैयारियों में जुटे हैं। जब घर में शादी होती है, तो इसकी सबसे ज्यादा तैयारियां महिलाएं करती हैं। शादी में पहनने के लिए लहंगा-साड़ी तो वो कई दिन पहले खरीद लेती हैं, लेकिन आखिरी समय तक उन्हें समझ नहीं आता कि वो हेयर स्टाइल कैसी बनाएं। खासतौर पर वो महिलाएं, जिनके बाल काफी पतले हैं, उनके लिए हेयर स्टाइल बनाना कठिन काम होता है। ऐसे में हम यहां आपको कुछ ऐसी हेयर स्टाइल दिखाने जा रहे हैं, जिन्हें बनाना भी काफी आसान है और जिन्हें बनाने के लिए आपको किसी तरह की हेल्प की जरूरत नहीं पड़ेगी। आप इन हेयर स्टाइल्स को आसानी से खुद भी बना सकती हैं।

लो बन विद बाउंसी हेयर : इसे बनाने के लिए सबसे पहले बालों को अच्छे से ब्रश करें और मशीन की मदद से क्रिंप कर लें। इसके बाद पीछे के बालों को हल्का सा घुमा कर लो बन (नीचे की ओर जूड़ा) बनाएं। इस स्टाइल को थोड़ा ढीला बनाएं ताकि बाल घने दिखें। चाहें तो हेयर एक्सेसरीज लगाकर इसे और भी सुंदर बना सकती हैं। ये जूड़ा पतले बालों को घना दिखता है।

गजरा बन : इसे बनाने के लिए बालों में पहले थोड़ा सा वॉल्यूमाइजिंग स्प्रे लगाएं ताकि बाल फूले हुए दिखें। इसके बाद एक स्लीक लो बन बनाएं और इसे पिन से अच्छे से फिक्स करें। इसके ऊपर गजरा चारों तरफ लगाएं। ध्यान रखें कि यदि गजरा बन बना रही हैं तो बालों को अच्छी तरह से बाउंस दे दें, ताकि बाल घने दिखें।

फिशटेल ब्रेड : बालों को घना दिखाने में ये हेयर स्टाइल काम आती है। इसके लिए पहले बालों को कर्ल करना है, ताकि बाल घने दिखें। कर्ल करने के बाद बालों को साइड या बैक पर लेकर फिशटेल चोटी बनाएं। इसे हल्का लूज रखें ताकि बालों में वॉल्यूम दिखे। यदि आप चाहें तो साइड पिन्स या फूलों से इसे सजा सकती हैं। यह स्टाइल आपको एलीगेंट और ग्रेसफुल लुक देगा।

हाफ अप, हाफ डाउन स्टाइल : लहंगे के साथ ऐसी हेयर स्टाइल कमाल की लगती है। इसके लिए बालों के ऊपर वाले हिस्से को थोड़ा बाउंस देकर ऊपर की ओर पिन करें। दोनों साइड से बाल लेकर उसे पीछे की तरफ अटैच करें।

कार्नर न्यूज

बॉलीवुड की कई एक्ट्रेस को हाल ही में मांगटीका कैरी किए देखा गया

फिर एक बार चलन में आ रहा मांगटीका देखें आजकल कैसे टीके का है फैशन

जब भी शादियों का सीजन आता है तो बाजार में काफी रौनक देखने को मिलती है। महिलाएं अपने वेडिंग लुक को कंप्लीट करने के लिए हमेशा ट्रेंड फॉलो करती हैं। वो ट्रेंड के हिसाब से ही कपड़े लेती हैं और उसी के हिसाब से ज्वेलरी का चयन करती हैं। आज के फैशन की बात करें तो एक बार फिर से अब मांगटीका ट्रेंड में आ रहा है। बॉलीवुड की कई एक्ट्रेस को हाल ही में मांगटीका कैरी किए देखा गया है। इसी के चलते हम आज आपको मांगटीका का लेटेस्ट कलेक्शन दिखाने जा रहे हैं। इससे टिप्स लेकर आप अपने आउटफिट से मैच करके मांगटीका खरीद सकती हैं।

डायमंड मांगटीका

यदि आपके पास ऐसा डायमंड का मांगटीका है तो ये स्लीक लुक देने में मदद करता है। इसे आप तब कैरी करें जब आपका आउटफिट सिल्वर कलर में हो, या फिर आउटफिट पर सिल्वर कलर का वर्क हो। इससे आपका लुक अच्छा दिखेगा।

हैवी मांगटीका

बहुत सी महिलाओं का माथा चौड़ा होता है। ऐसी महिलाओं के पास हैवी मांगटीका कमाल का लगता है। स्टोन्स जड़ा हुआ ऐसा मांगटीका कैरी करने के बाद आपको ज्यादा हैवी ईयररिंग्स कैरी करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आप अन्य ज्वेलरी को इसके साथ हल्की ही रख सकती हैं।



आउटफिट के साथ मैच करता हुआ टीका

ज्यादातर महिलाएं ऐसी ज्वेलरी कैरी करती हैं, जो उनके आउटफिट के साथ मैच करती हो। ऐसे में आप भी इसी टाइप का मांगटीका खरीद सकती हैं। इसके लिए मांगटीका में एक स्टोन आपकी ज्वेलरी और आउटफिट से मैच करता हुआ होना चाहिए।

गोल्डन मांगटीका विद पर्ल

यदि आपके आउटफिट पर गोल्डन वर्क है तो इस तरह का गोल्डन मांगटीका चुनें, जिस पर मोती भी लगे हों। मोतियों की वजह से आपका लुक काफी एलिगेंट लगेगा। गोल्ड वाला मांगटीका छोटा ही होना चाहिए, तभी आपका लुक अच्छा दिखेगा।

कुंदन जड़ा मांगटीका

यदि आप ऐसे मांगटीका की तलाश कर रही हैं जो हल्का भी हो लेकिन आपके आउटफिट के साथ परफेक्ट मैच करे तो इस तरह का छोटे-छोटे कुंदन जड़ा मांगटीका आपके लुक में चार चांद लगा देगा। ऐसे मांगटीका में सिर्फ आगे की तरफ कुंदन लगे होते हैं। बाकी पीछे सिर्फ चेन होती है।